CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 86 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 25 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिसीमन, महिला आरक्षण को लेकर सोनिया गांधी ने सरकार पर साधा निशाना पेज 2



आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा खेल टाइम्स



आखिर सुनी गई आधी आबादी की आवाज सम्पादकीय



ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा: स्टार्मर पेज 12

# खाड़ी से ओमान तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

## अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के ऐलान की धमकी पर ईरान ने किया पलटवार

तेहरान, वार्ता

**ईरान- अमेरिका** के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है। ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ, तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।





- तेहरान ने ट्रम्प के बयान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया
- कहा: ये तो समुद्री डकैती के बराबर

### तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत की वृद्धि

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत का उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। जून का ब्रेंट क्रूड वायदा रविवार रात (भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 3:31 बजे) तक पिछले बंद भाव से 7.76 प्रतिशत बढ़कर 102.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि मई का डब्ल्यूटीआई- वायदा 8-2 प्रतिशत बढ़कर 104.51 डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया: फथाली

- ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं।

इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमश: 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है। आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है। घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है।

### ट्रम्प की चेतावनी के बीच भारत पहुंचे ईरानी क्रूड के जहाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी जारी है और इसी दौरान लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद ईरानी कच्चे तेल की खेप भारत पहुंची है। अमेरिका की ओर से दी गई प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के चलते करीब 40 लाख (4 मिलियन) बैरल कच्चा तेल लेकर दो सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर पहुंचे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल हो गई है और वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी (ब्लाकेड) का ऐलान किया है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, नेशनल ईरानी टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर रविवार देर रात गुजरात के सिक्का तट पर लंगर डाल चुका है। इस जहाज में लगभग 20 लाख (2 मिलियन) बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में ईरान के खार्ग द्वीप से लोड किया गया था।

# प. बंगाल में SIR से बाहर हुए लोग नहीं डाल पाएंगे वोट

जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत कानून के खिलाफ होगी: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान चरम पर है। इसी बीच अब विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य में चल रहे एसआईआर विवाद के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला चुनावी राजनीति में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिससे पार्टियों के बीच टकराव और तेज हो सकता है। अदालत ने कहा कि जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत देना कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी।



### सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

### लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी मामले' में निचली अदालत के सामने पेश होने से छूट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी' मामले की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी है। न्यायालय श्री प्रसाद की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई के मामले को चुनौती दी गई है। इसमें सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य पूर्व मंजूरी के बिना कथित तौर पर नई पूछताछ और जांच शुरू करने के कदम को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले 24 मार्च को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। अदालत ने श्री यादव के उस तर्क को खारिज कर दिया था।

# मुजफ्फरनगर बनेगा नगर निगम

## सीएम योगी ने जनपद को दी 951 करोड़ की सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत में जो सुरक्षा-विकास पाकिस्तान उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता: योगी
- वृहद रोजगार मेले में 951 करोड़ की 423 परियोजना का शिलान्यास किया

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर जहां पाकिस्तान पर तंज कसा, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने की बड़ी घोषणा कर विकास की नई दिशा तय की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है और वहां के लोग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जो सुरक्षा और विकास का माहौल है, उसकी कल्पना भी पाकिस्तान में नहीं की जा सकती। उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें देश की ताकत बताया। साथ ही किसानों के हितों को राष्ट्रीय एजेंडा में स्थान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग प्रदेश की शांति और विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन औद्योगिक अशांति फैलाने वाले ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने मुजफ्फरनगर के विकास के लिए 951 करोड़ रुपये की 423 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए इन परियोजनाओं में शामिल अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की भी जानकारी दी उन्होंने कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण: जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सपना चौधरी चरणसिंह और अटल बिहरी वाजपेयी ने 1983 में देखा था और आने वाले समय में यह गठबंधन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। कहा कि 2014 से पहले देश में स्टार्टअप पर कोई नीति नहीं थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानो की हर समस्या को समझते हैं। चौधरी ने कहा कि देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण तिथियां साबित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को अधिकार दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है।

# नोएडा हिंसा के बाद सख्त हुई योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मजदूर-उद्योग विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मियों द्वारा हिंसक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत एक बड़ा कदम उठाते हुए मजदूरों और उद्योगों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।



मुजफ्फरनगर: वृहद्ध रोजगार मेले में उप्र के सीएम योगी चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी व अन्य।

### विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं।

# पीएम मोदी आज देंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान 11970 करोड़ की 210 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना (एक्सप्रेस वे) के साथ ही, टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने दौरे में डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना भी करेंगे। प्रधानमंत्री की पूजा के लिए मंदिर को पूरी तरह सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रधानमंत्री देहरादून के महिंद्रा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की गई है और इसमें अपार जन समूह के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स -**शेष पृष्ठ दो पर**



- प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्तराखंड वासियों में जबरदस्त उत्साह, लगभग 12 किमी का करेंगे रोड शो, हजारों भाजपा कार्यकर्ता और राज्यवासी करेंगे पुष्प वर्षा
- टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी करेंगे लोकार्पण
- डाट काली मंदिर में करेंगे पुजा अर्चना

### पीएम मोदी के हृदय में बसता है उत्तराखंड: सीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए इस अवसर को अत्यंत -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना नाव हादसे में लापता युवक का शव मिला

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन क्षेत्र में 10 अप्रैल को यमुना नदी में हुई नाव दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। सोमवार को एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान एक और शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान पंजाब निवासी यश भल्ला उर्फ युवराज के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार यश भल्ला उन 16 लोगों में शामिल थे, जो नाव पलटने के बाद यमुना के तेज बहाव में लापता हो गए थे। उनका शव केशीघाट के निकट देवराह बाबा घाट के पास झाड़ियों में फंसा मिला। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। सोमवार को सर्च अभियान के दौरान अब तक दो शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक महिला मोनिका तथा दूसरा यश भल्ला का शव शामिल है। इन बरामदगियों के साथ हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है।

### कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध क्रय-विक्रय मामले में सोनभद्र पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कारोबारी विनोद वर्मा और उनका पुत्र संस्कार वर्मा शामिल हैं। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी अतरसुइया थाना क्षेत्र के पजावा चौराहे से की गई। इनके खिलाफ कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के आरोप में मुकदमा दर्ज था और सोनभद्र पुलिस को लंबे समय से उनकी तलाश थी। रविवार देर रात सोनभद्र पुलिस ने प्रयागराज पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया।

# ममता ने युवकों को बेरोजगार कर दिया: शाह

## बंगाल में चार शादी नहीं करने देंगे, दंगों की जांच कराएगी भाजपा सरकार

**बर्धमान, वार्ता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बर्धमान की रैली में कहा कि बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने पर यहां यूसीसी लागू करेंगे और कुछ लोगों को चार शादी नहीं करने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने पांडेश्वर के भाजपा के उम्मीदवार जितेंद्र तिवारी का परिचय कराते हुए कहा कि पिछले चुनाव में जितेंद्र तिवारी बहुत कम वोटों से पिछड़ गए थे। इस बार आप इन्हें विजयी बनाकर भेजो, हम तिवारी को बड़ा आदमी बनाएंगे।

शाह ने कहा कि कुछ लोगों को चार शादी की छूट है, किसी को चार शादी की छूट होनी चाहिए क्या? पांच मई को भाजपा सरकार बना दो, हम यूसीसी लगाएंगे और उन लोगों के चार शादी नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपने चेले-चपाटों के दम कर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का सपना देख रही हैं। पांच मई को बीजेपी आएगी और किसी हालत में बंगाल में बाबरी मस्जिद नहीं बनेगी।उन्होंने कहा कि ममता के राज में हिंदुओं पर



अत्याचार बिना रोक-टोक चला। राज्य के विभिन्न इलाकों में दंगे हुए, सारे दंगे में हिंदुओं पर अत्याचार किया। 2016 से 2026 तक जितने भी दंगे हुए हैं, उन दंगों की जांच बैठाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। अमित शाह ने कहा कि ममता की सरकार को निक. ालने का मतलब है, घुसपैठ मुक्त सरकार बनाना, बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निक. ालना है। उन्होंने सवाल किया कि क्या दीदी या भाइपो (भतीजा) उन्हें निकाल सकते हैं? केवल भाजपा निकाल सकती है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी 600 एकड़ जमीन बीएसएफ को नहीं देती है, ताकि बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हो। बीएसएफ के जवान देश के लिए अपना सिर कटा सकते हैं, घुसपैठियों को प्रश्रय कभी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि ममता दीदी की सरकार खत्म हो गई है और पांच मई को भाजपा की सरकार बनेगी और 45 दिन में 600 एकड़ जमीन बाड़ लगाने दे देंगे। हम पूरे बंगाल और देशभर से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर निकालने का काम करेंगे। घुसपैठिए जो हैं, वो हमारे युवाओं का रोजगार खा रहा है, गरीबों की चावल खा रहा है और देश के अंदर दंगा करा रहा है। दीदी के गुंडे और भाइपो के गुंडे परेशान करते हैं। 23 अप्रैल को मतदान है, सारे गुंडों को कहकर जाता हूं कि घर से बाहर नहीं निकलना, नहीं तो पांच मई को खैर नहीं है। अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी ने बंगाल के युवाओं को, जो कभी पूरे भारत का इंडस्ट्रियल हब माना जाता था , बेरोजगार कर दिया है। हमने तय किया है कि जैसे ही बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी, पीएम मोदी पूरे बंगाल में इंडस्ट्री वापस लाने के लिए 5 बड़े इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाएंगे।

# मेरठ से शुरू होगा आर्थिक आंदोलन: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हाल ही में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर मेरठ की सेंट्रल मार्केट में सरकार की तरफ से की गई सीलिंग की कार्रवाई को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा है कि देश में एक नए आर्थिक स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत मेरठ से हो सकती है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने ऐतिहासिक 1857 की क्रांति का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह मेरठ ने आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी, उसी तरह अब यह शहर आर्थिक नीतियों के खिलाफ जनआंदोलन का केंद्र बन सकता है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां किसानों, छोटे



व्यापारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही हैं।

**■ व्यापार व खेती को कमजोर कर रही सरकार**

उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, कुछ कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के जरिए सरकार पारंपरिक व्यापार और खेती को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। सरकार की इन नीतियों का लाभ बड़े उद्योगपतियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को मिल रहा है, जबकि छोटे कारोबारी हाशिए पर जा रहे हैं।

### यूपी नहीं संभल रहा, तो गद्दी से उतर जाइए

**लखनऊ।** यूपी के गौतमबुद्धनगर में श्रमिकों के आंदोलन के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी से इस्तीफा मांगा है। सीएम योगी ने अपने बयान में आशंका जताई थी कि नोएडा में जो हुआ है वह किसी की साजिश है। अखिलेश ने लिखा कि अगर मुख्यमंत्री जी नोएडा के मज़दूरों के आंदोलन को किसी की साजिश बता रहे हैं। अखिलेश ने लिखा कि आप मजदूरों के जख्मों पर मरहम नहीं लगा सकते, तो न लगाएं, लेकिन उन जख्मों पर नमक तो न छिड़कें। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि अगर आप से प्रदेश नहीं संभल रहा है, तो ससम्मान इस गद्दी से उतरकर जाइए, नहीं तो जनता उतार देगी। भाजपाई खुद तो अंतिम दौर के भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं।

# यूपी के कई जिलों में पारा 40 के करीब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुष्क मौसम और तेज हवाओं के चलते गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार को कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में शुष्क मौसम के साथ 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल सकती हैं, जिससे गर्मी का असर और तेज महसूस होगा। प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 39-8ब दर्ज किया गया, जबकि वाराणसी स्थित बीएचयू में पारा 39-3ब तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में औसतन 7 से 9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे तापमान सामान्य के करीब पहुंच

**हवाओं के चलने से गर्मी का असर महसूस होगा**

गया है। विभाग के मुताबिक शुष्क मौसम के साथ चल रही पश्चिमी हवाएं दिन में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं, जिनकी गति झोंकों में 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच रही है। हालांकि, 14 अप्रैल से इन तेज हवाओं के कमजोर पड़ने के आसार हैं। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के न होने के कारण मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके चलते तापमान में धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कई जिलों में पारा 40ब के पार जाने की संभावना है। राजधानी लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 36-6ब और न्यूनतम 20ब दर्ज किया गया।

## महिला आरक्षण को लेकर सोनिया ने सरकार पर साधा निशाना

# ये आरक्षण नहीं, प्रस्तावित परिसीमन है: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक निजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे को लेकर हमला बोला है।

श्रीमती गांधी ने सोमवार को यहां स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, जिसे उन्होंने बेहद खतरनाक और संविधान पर हमला करार दिया। अपने लेख में उन्होंने चेतावनी दी कि संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिसीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लो. कतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है,



**■ सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया, पारदर्शिता नहीं बरती जा रही**

जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है। उन्होंने पीएस नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष से समर्थन तो मांगा जा रहा है लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजर. अंदाज किया गया है। श्रीमती गांधी ने याद दिलाया कि 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। उ यदि सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला केवल गणितीय आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन को ध्यान में रखकर होना चाहिए, ताकि जनसंख्या नियंत्रण में आगे रहे राज्यों को नुकसान न हो। जनगणना में देरी पर भी सरकार की आला. ेचना की और कहा कि बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने कम समय में सर्वे कर यह साबित कर दिया है कि यह कार्य संभव है।

### महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की साजिश रच रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की साजिश रच रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में सितम्बर 2023 में लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समय ही सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं थी। उन्होंने बताया कि इस कानून में शर्त रखी गई थी कि पहले जनगणना और फिर परिसीमन होगा, उसके बाद ही महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने बिना शर्त 2024 में ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग की थी, ताकि महिलाएं तुरंत संसद और विधानसभाओं में पहुंच सकें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76847.57
निफ्टी 23842.65



सोना 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से शेयर बाजारों में गिरावट

**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली लौट आई और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की गिरावट में बंद हुए। बीएसई का संसेक्स 702. 68 अंक (0.91 प्रतिशत) गिरकर 76,847.57 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 207.95 अंक यानी 0.86 फीसदी नीचे 23,842.65 अंक पर रहा।

अमेरिका और ईरान के बीच हार्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव बढ़ गया है। अमे. रिका ने इस महत्वपूर्ण व्यापारिक जलमार्ग की घेरा. बंदी और अपनी शर्तों पर जहाजों को निकलने की अनुमति देने की घोषणा की है। इससे निवेशकों में ईरान युद्ध के स्थाई समाधान को लेकर निराशा बढ़ी है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का जोर देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.46 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। ऑटो सेक्टर पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया और उसका सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट



गया। एफएमसीजी, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी एक फीसदी से ज्यादा फिसल गए। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी का शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। बजाज फाइनेंस, इंडिगो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरे। आईटीसी, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, हिदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, कोटक महिद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत और एनटीपीसी का डेढ़ फीसदी से अधिक चढ़ा।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी 2,753 रुपए घटकर 2.37 लाख रुपए आ गई, जो 10 अप्रैल को 2.40 लाख रुपए पर थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 246 रुपए घटकर 1,50,081 रुपए आ गया है। इससे पहले शुक्रवार को यह 1,50,327 लाख पर था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 45 दिन में 9,016 और चांदी 29,519 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 26,040 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 103 दिन में चांदी 1.49 लाख रुपए सस्ती हो गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना-चांदी के दाम में आगे भी ये गिरावट जारी रह सकती है। ऐसे में निवेशकों को अभी सोने-चांदी में निवेश से बचना चाहिए।

# भारतीय इकाइयों के पेटेंट आवेदनों की संख्या में उछाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय इकाइयों ने पेटेंट अधिकार के लिए 2025-26 में 1,43,729 आवेदन प्रस्तुत किया जो एक साल पहले के मुकाबले 30-2 प्रतिशत अधिक है। पेटेंट , डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार इनमें से 69 प्रतिशत आवेदन भारत के पेटेंट कार्यालय में दाखिल किए गए। पिछले साल दाखिल पेटेंट आवेदनों की संख्या 1,10,375 थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इन आंकड़ों पर अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि भारत की नवाचार की गाड़ी अब रुकने वाली नहीं! वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट फाइलिग की संख्या बढ़कर ऐतिहासिक 1.43 लाख हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले 30.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। गोयल ने कहा कि देश के भीतर पेटेंट के लिए फाइल किए गए आदेवनों के मामले में तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवप्रवर्तक सबसे आगे हैं और इसके ज़रिए हम दुनिया को यह दिखा रहे हैं कि 'मेड इन इंडिया' की ताकत 'इन्वेस्ट इन इंडिया' यानी भारत में निवेश में छिपी है। हम पेंटेट आवेदन करने वालों की संख्या के हिंसाब से दुनिया के छठे सबसे बड़े पेटेंट आवेदक हैं। यह एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे भारत को दर्शाता है, जो जल्द ही इनोवेशन के क्षेत्र में एक वैश्विक महाशक्ति बनने जा रहा है।

### एनएसई ने अपने कोल एक्सचेंज का नाम आरक्षित किया

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसईआईएल) को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय से 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम के आरक्षण के लिए मंजूरी मिल गई है।एनएसई ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह मंजूरी सिर्फ नाम के आरक्षण तक सीमित है और परिचालन या नियामक लाइसेंस नहीं है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर बनेगा...**

कि इससे जहां युवाओं को नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, वहीं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे पूर्व उन्होंने नगर पालिका द्वारा तैयार कराई गए देवी अहिल्याबाई स्मारक और चौराहे के सौंदर्यकरण का भी उद्घाटन किया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में आयोजित रोजगार मेले का अवलोकन करने के बाद विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं व बेटियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। अपने भाषण की शुरुआत भारत माता और वंदेमातरम के जयकारों के साथ कर उन्होंने उमड़ी भीड़ में खूब जोश भरा शुकतीर्थ की पवित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि पुराणकालीन परंपराओं और महाराजा शुकदेव की तपस्थली रही है, जहां जीवन के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान दिया गया। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के विजन को रेखांकित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा में संबोधन के दौरान रोजगार और कौशल विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स और ड्रोन के साथ पारंपरिक कौशल से भी जोड़ रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और यही देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। सुरक्षा और मौजूदा कानून-व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल स्थापित किया है, जिससे महिलाएं, व्यापारी और आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक चुनौतियों के बीच भी मजबूती से खड़ा है। औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां यहां के उद्योगों में ताले लगते थे, वहीं अब नए निवेश आ रहे हैं। सरकार श्रमिकों और उद्यमियों के बीच संतुलन बनाते हुए बेहतर वेतन, सामा. जिक सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय की गारंटी भी लागू की गई है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने श्रमिकों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के साथ उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने का काम भी भाजपा सरकार में हुआ है। साथ ही आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, शिक्षामित्र और शिक्षकों और अन्य कर्मियों के लिए पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी भाजपा सरकार में दिलाने का काम किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कार्यक्रम संयोजक कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, सांसद चंदन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, लोकदल क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, एमएलसी वन्दना वर्मा, राष्ट्रीय लोक. दल विधानसभा में नेता राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक मदन भैया, विधायक अशरफ अली, जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, सुशीला अग्रवाल, चेयरमैन सहकारी बैंक रामनाथ सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा, रामनिवास पाल, जियाउर्रहमान, भाजपा रालोद और एनडीए के सभी सहयोगी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पीएम मोदी...** के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेकट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा। यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, टिहरी सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह की उपस्थिति रहेगी।

**पीएम मोदी के...** महत्वपूर्ण एवं ऐतिहा. सिक बताया है। मुख्यमंत्री धामी जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम आलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर हमेशा ही लोगों में उत्साह और उत्सव का माहौल रहता है। हर बार अपने दौरे में प्रधानमंत्री उत्तराखंड को बड़ी सौगात देकर जाते हैं।

# यूपी कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने संगठन और सरकार-दोनों स्तर पर बड़ा रणनीतिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द होने वाले संभावित कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक इस विस्तार में नए चेहरों को मौका देने के साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक संभावित विस्तार में जिन नेताओं के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, उनमें भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल, अजीतपाल त्यागी और आकाश सक्सेना शामिल हैं। इसके अलावा अशोक कटारिया और अश्वनी त्यागी का नाम भी दावेदारों की सूची में मजबूत माना जा रहा है। पार्टी इन नामों के जरिए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश में है।

**■ विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नए चेहरों की एंट्री और संगठन में बदलाव की तैयारी**

कैबिनेट विस्तार के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने की भी चर्चा है। इनमें नरेंद्र कश्यप, दिनेश खिटक और सोमेंद्र तोमर के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का मानना है कि इन नेताओं का संगठन में अनुभव चुनावी तैयारी को और मजबूत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार उत्तराखंड में अपनाए गए फॉर्मूले को उत्तर प्रदेश में भी लागू कर सकती है। इसके तहत बिना किसी मंत्री को हटाए भी नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इससे असंतोष को कम रखते हुए संतुलन साधने की रणनीति अपनाई जा सकती है। भाजपा सूत्रों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने पांच प्रमुख बिदुओं पर फोकस तय किया है जिसमे जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधना, सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय, डा. भीमराव आंबेडकर के जरिए दलित वोट बैंक पर फोकस, महिलाओं के लिए नई योजनाएं और प्रतिनिधित्व बढ़ाना और पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) नैरेटिव का काउंटर , राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और कानून-व्यवस्था पर जोर शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त कार्यशैली भी इस रणनीति का अहम हिस्सा मानी जा रही है।सरकार की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, माफिया पर बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासनिक सख्ती को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर त्वरित सुनवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह कैबिनेट विस्तार केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि पूरी तरह चुनावी रणनीति का हिस्सा है। जातीय, क्षेत्रीय और संगठनात्मक संतुलन बनाते हुए भाजपा 2027 के चुनाव में मजबूत बढ़त बनाने की तैयारी में है।

## देहरादून से दिल्ली — अब दूर नहीं

# देहरादून से दिल्ली अब 6 घंटे से घटकर मात्र 2.5 घंटे में



# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री

**के कर-कमलों द्वारा**

## ₹12,000 करोड़ की लागत से निर्मित
## दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड को जोड़ने वाले

# दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

(213 किमी लंबा, 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित हाईस्पीड कॉरिडोर)

**का उद्घाटन**

दिनांक : 14 अप्रैल, 2026 | समय : 11.00 बजे (प्रात:) | स्थान : जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, देहरादून

### लाभ

- दिल्ली–यूपी–उत्तराखंड को जोड़ेगा तेज़ मल्टी-लेन कॉरिडोर
- चार धाम, ऋषिकेश, हरिद्वार और मसूरी तक आसान पहुँच, पर्यटन को नई ऊर्जा
- बागपत, शामली और सहारनपुर में औद्योगिक विकास, रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे
- सहारनपुर की लकड़ी नक्काशी और मुज़फ्फरनगर के कागज़ उद्योग को बढ़ावा
- कृषि उत्पादों की तेज़ आवाजाही, किसानों की आय में बढ़ोतरी
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली को जाम से राहत मिलेगी
- आईएसबीटी-रिंग रोड एवं दिल्ली-मेरठ-देहरादून मार्ग पर ट्रैफिक दबाव घटेगा
- स्वास्थ्य, शिक्षा केंद्रों तक तेज़ पहुँच, जीवन स्तर में सुधार
- सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति
- एशिया के सबसे बड़े वन्यजीव कॉरिडोर में से एक, पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले. ज. गुरमीत सिंह (से0नि0)**
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**अजय टम्टा**
राज्यमंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**हर्ष मल्होत्रा**
राज्यमंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग,
तथा कॉर्पोरेट मामले

**जयंत चौधरी**
कौशल विकास और
उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**तरनजीत सिंह संधू**
लेफ्टिनेन्ट गर्वनर, दिल्ली

**रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री, दिल्ली

**त्रिवेंद्र सिंह रावत**
सांसद, हरिद्वार

**अतुल गर्ग**
सांसद, गाज़ियाबाद

**मनोज तिवारी**
सांसद, उत्तर-पूर्वी दिल्ली

**महेंद्र भट्ट**
सांसद, राज्यसभा

**नरेश बंसल**
सांसद, राज्यसभा

**डा. कल्पना सैनी**
सांसद, राज्यसभा

**अनिल बलूनी**
सांसद, गढ़वाल

**अजय भट्ट**
सांसद, नैनीताल

**माला राज्य लक्ष्मी शाह**
सांसद, टिहरी गढ़वाल

**हरेंद्र सिंह मलिक**
सांसद, मुजफ्फरनगर

**इमरान मसूद**
सांसद, सहारनपुर

**इकरा चौधरी**
सांसद, कैराना

**डॉ. राजकुमार सांगवान**
सांसद, बागपत

CBC 37107/13/0002/2627

DD NEWS पर सीधा प्रसारण देखें

**सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी।**

# डा.आम्बेडकर की प्रतिमा हटवाने से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर गांव महमूदपुर माजरा में बाबा साहब की प्रतिमा को हटवाने से रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने प्रतिमा को तुरंत रखवाने की मांग प्रशासन से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी के मजरे महमूदपुर माजरा में सोमवार की सुबह संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को हटवा दिया गया जिसका अनावरण मंगलवार को बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष में होना था। महमूदपुर माजरा के ग्रामीण जगरोशनी ,सुखबीर, लक्ष्मी, सुशीला ,सत्य कुमार ,ओमपाल सिंह ,अतर सिंह ,श्याम कुमार, जितेंद्र, बिजेन्द्र,रविंद्र, राजेंद्र, ओम कुमार,नरेंद्र ,भंवर सिंह, राजदुलारी ,शोम्मी, राकेश, लिल्ली, सुरेश आदि ने बताया कि प्रत्येक रविवार को सत गुरु रविद. ास जी महाराज के मंदिर में सत्संग का आयोजन किया जाता है जिसमें इकठा हुए दान से बाबा साहब की प्रतिमा को मंगवाकर बीते 6 अप्रैल को मंदिर की भूमि पर रखा गया था।जिसका अनावरण मंगलवार को बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष में किया जाना था किंतु अनुमति न होने की बात कहकर प्रशासन द्वारा प्रतिमा को हटवा दिया गया है ग्रामीण जगरोशनी ने बताया कि अन्य महापुरुषों की मूर्तियां भी रखी हुई है। संविधान निर्माता बाबा साहब सभी समाज के महापुरुष है,उनका सम्मान सर्वोपरि है ऐसे में मूर्ति हटाया जाना उचित नहीं है



ग्रामीणों ने प्रतिमा को दोबारा से स्थापित करने की मांग प्रशासन से की है वही नायब तहसीलदार जानसठ बृजेश कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम उप जिलाधिकारी जानसठ के आदेश पर वह गांव महमदपुर माजरा में गए थे जहां उन्होंने ग्रामीणों से प्रतिमा को स्थापित करने के लिये अनुमति लेने को कहा था। ग्रामीणों ने स्वयं ही प्रतिमा को हटवाया होगा।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि प्रतिमा रखने की अनुमति न होने से ग्रामीणों ने उसे स्वयं ही हटवाया है।

# खतौली हाईवे पर ट्रक-डीसीएम में भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

**शाहटाइम्स सवांददाता**


**खतौली।** थाना क्षेत्र के हाईवे पर दीप पंजाबी होटल के समीप देर रात करीब दो बजे उस समय अफ्रा-तफ्री मच गई, जब ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर मलबा फैल गया।

हादसे में ट्रक चालक रत्ती खान (निवासी हाजीपुर नोगांव, जिला अलवर, राजस्थान) और आलम गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर के दौरान पास से गुजर रही एक कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस पूरे हादसे में किसी की जान नहीं गई। घटना की सूचना मिलते



ही भगेला चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सूर्य प्रताप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात को दोबारा सुचारू कराया। वहीं घायलों को एम्बुलेंस



की मदद से हाईवे स्थित सेंट फांसिस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।

बढ़ती लापरवाही बन रही जानलेवा हाईवे पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के पीछे तेज रफ्तार, लापरवाही से ओवरटेक करना और यातायात नियमों की अनदेखी मुख्य वजह मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, रात के समय थकान और नींद की वजह से वाहन चलाना भी ऐसे हादसों को बढ़ावा देता है।

## बुढ़ाना में पुलिस अलर्ट

**बुढ़ाना।** मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर बुढ़ाना कस्बे में भी स्थानीय पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। सुबह से ही पुलिस फोर्स ने कस्बे के प्रमुख चौराहों, बाजारों व एंट्री प्वाइंट पर मोर्चा संभाल लिया और हर आने जाने वाले पर पैनी नजर रखी। संदिग्ध दिखने वाले युवकों से पूछताछ कर आईडी चेक की गई।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध मे शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

**■ सरकार के खिलाफ शिक्षकों की नारेबाजी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, महावीर चौक से कचहरी तक मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

हाथों में मशाल और बैनर लिए शिक्षक नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े और कचहरी पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों का चयन समय-समय पर निर्धारित नियमों और योग्यताओं के आधार पर हुआ है। वर्षों की सेवा के बाद अब उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए बाध्य करना न सिर्फ अन्यायपूर्ण है, बल्कि उनके आत्मसम्मान पर भी आघात है।

मशाल जुलूस में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश राठी, अटेवा के जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार गर्ग, टीचर सेल्फ केयर टीम के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. फर्रुख हसन, अटेवा के मंडल उपाध्यक्ष प्रीत वर्धन शर्मा, भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ) के जिला अध्यक्ष राम रतन, जिला संरक्षक सुधीर पोरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अमित तोमर, जिला महामंत्री अमित शर्मा, प्रदेश महासचिव मनीष गोयल, मोहित बालियान, कैलाश चंद, सुधीर कुमार, सपना चौधरी, राजदीप चौधरी, नरेंद्र गोस्वामी, विवेक कुमार, संजय राठी, शिवम शर्मा, कनिष्क वीर सिंह, धर्मेंद्र मलिक, ओमपाल सिंह, योगेश कुमार, क्षितिज नेगी, पूजा शर्मा, संदीप मलिक, रितु बालियान, मनोज कुमार, राम कुमार, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ से अवनीश राठी, उर्दू टीचर वेल्फेयर एसोसिएशन से औसाफ अहमद अंसारी, अल्ताफ उर रहमान, भारत कुमार, संगीता जावला, मनोज कुमार, यशपाल अरोरा, रमेश चंद, सार्थक शर्मा, संजय राठी, जसविंदर सिंह, मुकेश चंद्र, बालेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र, वकील अहमद, नदीम मलिक, मेहताब चौधरी, अभिलाष वर्मा, पंखुड़ी गर्ग, मीतू गोयल, रियाज अहमद, शहजाद अहमद, रवि देशवाल, अमित कुमार, अश्वनी डाबर, सपना चौधरी, नवनीत कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाकियू नेता ने रुकवाया सड़क निर्माण कार्य

**पुरकाजी।** घटिया सड़क बनाने पर भाकियू नेता ने काम रुकवाया,आरोप हैं की ठेकेदार द्वारा कम मात्रा मे सामग्री डाली जा रही थी, जिस कारण सड़क दो माह मे हीं उखड़ जाती,ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया तो ठेकेदार ने उल्टा ग्रामीणों पर हीं रोब ग़ालिब कर दिया जिसकी सूचना भाकियू नेता ने जई को दीं, जई ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल के बाद काम रुकवा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल उपाध्यक्ष गुरमेल बाजवा ने बताया की उनके गांव भदौला से दादूपुर तक मंडी समिति कोटे से 2300 मीटर सड़क निर्माण कार्य चल रहा हैं, सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा पुराने पत्थर निकाल कर सड़क पर बिछा दिए थे और फिर बहुत कम मात्रा मे तारकॉल डालकर खाना पूर्ति की जा रही थी, जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा उन्हें दीं गई तो वे मौके पर पहुँचे लेकिन ठेकेदार ने रोब ग़ालिब कर कह दिया की वह ऐसे हीं सड़क बनाएंगे। गुरमेल बाजवा ने बताया

उन्होंने फोन कर जई को मौके पर बुलाकर सड़क निर्माण की सच्चाई से रूबरू कराया। फिलहाल सड़क निर्माण कार्य बंद करवा दिया हैं गुरमेल बाजवा ने बताया की 15 अप्रैल को किसान दिवस पर एक्शन को बुलाकर वह



शिकायत रखेंगे। क्योंकि जिस तरह से सड़क बन रही हैं वह दो माह मे फिर टूट जाएगी। इस दौरान कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, दिल. बाग सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुभासिंह, परबजीत सिंह, विक्रमजीत, सचविंद्र, प्रीत बाजवा, गुरलाल आदि मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री की सभा में भाग लेने को शुकतीर्थ से पहुंचे भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना ।** मुज़फ्फरनगर में आयोजित प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत व केन्द्रीय मन्त्री जयंत चौधरी की जनसभा में भाग लेने को शुकतीर्थ से भाजपा कार्यकर्ताओं व साधु संतों का एक दल भाजपा किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी के नेतृत्व में मुज़फ्फरनगर के लिये रवाना हुआ।

भाजपा युवा नेता अमित राठी ने बताया कि मुजफ्फरनगर में सोमवार को राजमाता देवी अहिल्याबाई की मूर्ति का अनावरण व रोजगार मेले का



अवलोकन तथा अन्य कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की जनसभा को सफ्ल बनाने के लिए शुकतीर्थ से भाजपा कार्यकर्ताओं व साधु-संतों का एक दल मुजफ्फरनगर पहुंचा।इस दौरान मुख्य रूप से महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, पुनीत खोकर,पूर्व प्रधान ज्ञान सिंह सैनी, कँवरपाल सैनी, मनोज कुमार आदि भाजपा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उत्साह के साथ मुजफ्फरनगर पहुंचे।

# सीएचसी में आ रहे मौसमी बीमारियों के मरीज

**■ डाक्टर अपनी डयूटी को बाखूबी दे रहे अंजाम**

**बुढ़ाना।** बदलते मौसम ने बुढ़ाना सीएचसी में मरीजों की संख्या में इजाफा किया है। मौसमी बीमारियों के प्रकोप से अस्पताल में मरीज आ रहे हैं। सुबह ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली।

बुढ़ाना सीएचसी में इन दिनों जुकाम, खांसी, छींक, एलर्जी व वायरल बुखार के मरीजों की बाढ़ सी आई है। सोमवार को ओपीडी का आंकड़ा अच्छा खासा रहा। सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे व बुजुर्ग हो रहे हैं। बुखार से तपते मरीज, खांसते छींकते लोग और गोद में बिलखते बच्चों को लेकर आई महिलाएं सीएचसी में दिखी। वार्ड में भर्ती मरीजों को ड्रिप लगाई गयी। सीएचसी में तैनात वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर निशात ने बीमारियों पर चिंता जताते हुए कहा कि ये सभी मौसमी बीमा. रियां हैं और इनसे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव के कारण वायरल इन्फेक्शन तेजी से फैल रहा है। उन्होंने लोगों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा ना होने दें क्योंकि जमा पानी डेंगू मलेरिया के मच्छरों का घर बनता है। पानी हमेशा उबालकर पिएं और गर्मी को देखते हुए हल्के सूती कपड़े ही पहनें। तेज धूप में निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखें। दिन भर में चार या पांच लीटर पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ, बासी खाना और कटे फल खाने से परहेज करें। उन्होंने चेताया कि लक्षण दिखने पर झोला छाप डॉक्टरों के चक्कर में ना पड़ें और खुद से एंटीबायोटिक लेकर बीमारी न बढ़ाएं।

**न्यायालय सिविल जजी सीनियर डिवीजन/ एफ0टी0सी0 मुजफ्फरनगर।**

इजराय सख्या 03 सन 2026

राजिस्टर कुमार पुत्र श्री राम सिंह निवासी ग्राम कासमपुर पठेडी परगना पुरछपार तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। ....**वादी/ डिक्रीदार**

**बनाम**

श्रीमती राकेश पत्नि श्री नवाब सिंह निवासी मोहल्ला अंकित विहार मुजफ्फरनगर परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।

...... **प्रतिवादिया/मदयून**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी/डिक्रीदार ने आपके विरूध इजराय न्यायालय में योजित की है आपको इस न्यायालय में उक्त इजराय का उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने के लिए दिनांक 15 माह 04 सन 2026 नियुक्त कर यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत तिथि पर न्यायालय में स्वयं या अपने अधिक्रम अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करे आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरवर्णित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उस दशा में उक्त इजराय का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुणदोष के आधार पर किया जायेगा। आज दिनांक 03 माह 04 सन 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधित जारी किया गया।

**आक्षा से**
**सिविल जज (सी0डि0)**
**फास्ट ट्रैक कोर्ट मुजफ्फरनगर।**

# रैली स्थल के निकट शराबी सिपाही की नौटंकी

**मुजफ्फरनगर।** जिस समय सोमवार को एक तरफ पुलिस प्रशासन मुख्यमंत्री के आने और उनके कार्यक्रम की तैयारी कर रहा था तो उस समय एक सिपाही नशे की हालत में तहसील परिसर में हंगामा करता हुआ मिला। बेसुध सिपाही ने अपनी खाकी वर्दी की कमीज भी उतारकर फेंक दी आरोप तो यहां तक है कि नशे के चलते सिपाही ने एक महिला से दुर्व्यवहार भी किया। यह वीडियो भी तेजी से प्रसारित हो रही है। सोमवार को सदर तहसील में अचानक ही उस समय अफरा तफरी मच गई जब खाकी वर्दी में एक व्यक्ति सदर तहसील पहुंचा और उसने हंगामा शुरू कर दिया उसके चलने और खडे होने के अंदाज से लोग यह अंदाजा लगाते मिले कि खाकी वर्दी में सिपाही है और उसने नशा किया हुआ है। कुछ देर बाद ही सिपाही ने वर्दी उतार दी और जमीन पर लेट गया। इस समय एक महिला इधर से गुजरी तो आरोप है कि पुलिसकर्मी ने उसके साथ दुर्व्यर्वहार किया। इस समय यहां तमाशगीनों की भारी भीड लग चुकी थी दी गई सूचना के बाद डायल 112 मौके पर पहुंची और जमीन पर पडे सिपाही को अस्पताल पहुंचाया गया। सच्चाई क्या है यह तो अलग बात है, लेकिन सिपाही की ड्यूटी मुख्मयंत्री के प्रोग्राम में बताई गई है उक्त सिपाही फुगाना थाने में तैनात बताया गया है और उसकी तैनाती आरक्षी पुलिस बल के रूप में की गई थी।

सिपाही की करतूत सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालात कुछ भी रहे हो, लेकिन सीएम के कार्यक्रम के दौरान खाकी वर्दी का यह मामला लोगों के लिए एक चर्चा का विषय बना रहा। इसकी जानकारी पुलिस और प्रशासनिक के अधिकारियों को भी दे दी गई है।

# गन्ना सोसाइटी में मनाई गई डा. आम्बेडकर जयंती

**बुढ़ाना।** गन्ना विकास समिति बुढ़ाना के कार्यालय परिसर में सोमवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती एक दिन पूर्व ही हर्षोल्लास एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर भीमराव आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समता और वंचित वर्गों के मसीहा थे। उन्होंने जीवन भर छुआछूत, भेदभाव और अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष किया। उनके द्वारा दिखाए गए शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो के मार्ग पर चलकर ही समाज और देश की प्रगति संभव है। सोसाइटी सचिव ने बताया कि किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए बाबा साहेब हमेशा चिंतित रहे। इसलिए गन्ना सोसाइटी में उनकी जयंती मनाना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं किसानों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉक्टर आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करें और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने में योगदान दें। इस मौके पर गन्ना सोसाइटी के चेयरमैन, सचिव, समस्त स्टाफ, क्षेत्र के प्रगतिशील किसान एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के



समापन पर सभी को मिष्ठान वित. रित किया गया। उपस्थित जनों ने बाबा साहेब अमर रहें के नारे लगाकर माहौल को गूंजायमान कर दिया। डॉक्टर आंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है लेकिन अवकाश एवं प्रशासनिक व्यवस्था के चलते सोसाइटी में एक दिन पूर्व ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पिंटू ठाकुर चौकी पर किए गए नजरबंद

**बुढ़ाना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुजफ्फरनगर आगमन पर सोमवार को उन्हें ज्ञापन देने जा रहे भाकियू अराजनितिक के बुढाना ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर को बुढ़ाना पुलिस ने घर पर नजरबंद कर दिया।

# वाल्मीकि क्रान्ति दल के पदाधिकारियों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा नेताओं से वाल्मीकि समाज की अनदेखी से खफा होकर योगी आदित्यनाथ को लोकल भाजपा नेताओं की भेद-भाव वाली नीति से अवगत कराने के लिए हाथों मे काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन के वाल्मीकि क्रान्ति दल के नेता दीपक गम्भीर राष्ट्रीय महासचिव सोनू सरवट वाल्मीकि को मौहल्ला आबकारी निवास पर दर्जनों पदाधिकारियों सहित घर मे नजर बंद रखा। सभी महापुरुषों व आस्था के प्रतिको की चौराहे के नाम करण मूर्ति स्थापना कर रही है। लेकिन वाल्मीकि समाज की आस्था के प्रतिक रामायण रचिता भगवान वाल्मीकि चौक की स्थापना नहीं होने दी जा रही है। माह नवम्बर 2023 मे टाउनहॉल रोड पर स्थापित भगवान वाल्मीकि चौक को मंत्री के इशारे पर तोड़ा गया। बार बार भगवान वाल्मीकि चौक की मांग समाज व वाल्मीकि क्रान्ति दल के द्वारा उठाई गई लेकिन भेद-भाव की भावना से ग्रस्ति नेताओं ने मांग को अनसुना कर दिया। जबकि नदी रोड़ पर महर्षि कालू बाबा की मूर्ति को स्थान देकर कश्यप समाज को सम्मान दिया गया। वही दूसरी ओर टाउनहॉल परिसर मे अग्रसैन महाराज जी की मूर्ति के लिए भव्य स्थल सरकारी खर्चे पर बना कर वैश्य समाज को भी सम्मान दिया गया। मुस्लिम भाईयों की मांग पर वीर अब्दुल हमीद चौक की स्थापना की मंजूरी कर सुजडू चुंगी पर स्वाधीनता चौक को ध्वस्त कर केवल एक शहीद के नाम से पहचान देना देश के अनेक शहीदों



का अपमान है। शासनादेश जारी नही होता। समान कार्य समान वेतन केवल एक जुमला बनकर रह गया है। वी के डी राष्ट्रीय महासचिव सोनू सरवट वाल्मीकि ने बताया कि संविदा सफाई कर्मचारियों को 20 -21 साल हो गए लेकिन सरकार ने अभी तक कोई सुद्ध नही ली है। जबकि उत्तराखंड ,राजिस्थान, पंजाब, दिल्ली मे ठेका व संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई नियुक्ति दी गई। लेकिन सरकार इन्हें आज भी बधुवा मजदूर बनायें रखनी चाहती। वही दूसरी ओर देश मे भारत भाग्य विधाता बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्तियां असमाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ा जा रहा है।

# आम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में सोमवार के दिन भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे के वाल्मीकि मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन कीर्तन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने बारी बारी से पुष्पांज. लि अर्पित कर उनके महान योगदान को याद किया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति गीतों और बाबा साहब के जयकारों से गूंज उठा जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन ने सभी का मन मोह लिया। कीर्तन के माध्यम से बाबा साहब के विचारों उनके संघर्ष और समाज के प्रति



उनके योगदान को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने समाज के दबे कुचले वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता करण राजोरिया और उनकी पत्नी ने बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पडी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र दीपक कुमार ने अपनी शादी वर्ष 2010 में अपनी मर्जी से श्रीमती सुनीता के साथ की थी। जिससे उनके तीन बच्चे देवराज, वंश व वैश्नवी है। मेरे पुत्र की पत्नी श्रीमती सुनीता दीपक के जीवनकाल से ही गलत चाल चलन की थी व झगडालू किस्म की महिला है। दिनांक 23.09.2025 को मेरे पुत्र दीपक की मृत्यु हो चुकी है। उसकी मृत्य के उपरान्त सुनीता के पास बाहरी व्यक्तियों को आना जाना था। मेरे रोकने पर वह लड झगड कर घर से चली गयी थी। मुझे अंदेशा है कि वह कोई गलत व गैर कानूनी कदम न उठा ले। शपथकर्ता अपनी पुत्रवधु श्रीमती सुनीता की असामाजिक तथा गैर कानूनी गति. विधियों के कारण उससे अपना सम्बन्ध विच्छेद कर रहा है। मै प मेरा परिवार पुत्रवधु श्रीमती सुनीता द्वारा किये गये किसी भी असामाजिक/गैर कानूनी तथा लेन देन के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।

**ऋषिपाल पुत्र श्री मांगेराम**
**निवासी ग्राम गंगधाडी,**
**थाना खतौली, तहसील खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# दलदल रूपी गहरे गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दलदल रूपी गंदे जोहड़ में गिरकर एक बच्चे की मौत हो गयी। इस घटना के लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने इसका ठीकरा आसपास में दूध की डेयरी करने वाले संचालकों और ग्राम प्रधान पर फोड़ा क्योंकि सभी डेयरी मालिक बड़े पैमाने पर गोबर को जोहड में बहा रहे हैं जिसके चलते जोहड ने गहरी दलदल का रूप ले लिया है और गांवध्‍ के प्रधान ने गांव वालों के बार बार कहने के बाद भी तालाब की बाउंड्री नही करवाई। मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने परिजनों को ढांढस बंधाया। इस हृदय विदारक घटना को लेकर पूरे गांव में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी इकबाल का करीब नौ साल





का पुत्र आतिफ सोमवार को अपनी बहन के साथ गांव में ही कांधला रोड पर स्थित मदरसे से पढ़कर अपने घर पा आ रहा था। वह तालाब के किनारे पर चल रहा था कि अचानक से तालाब की ढांड टूटने से बच्चा गहरे गंदे पानी में डूब गया। उसकी बहन ने शोर मचा दिया तो मौके पर सैंकड़ों लोग जमा हो गये और जेसीबी मशीन मंगाकर बच्चे की तलाश शुरु कर दी। करीब 2 घंटे बाद लोगों ने जेसीबी मशीन और सूचना पाकर घटनास्थल पर आई एनडीआरएफ की सहायता से बच्चे को खूनी रुपी तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक वह दम तोड चुका था। मौके पर मृतक बच्चे के परिजन और बुढ़ाना पुलिस भी आ गयी थी। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने अपने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने आनन फानन में बच्चे में सांस बताकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। यह घटना मदरसे के पास कांधला रोड पर स्थित तालाब की है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भी गंभीर आरोप लगाए और कहा कि अगर गांव प्रधान इस तालाब की बाउंड्री करा देते तो आज ये घटना घटित ना होती।

# एसएफ डीएवी में धूमधाम से मनाया बैसाखी का पर्व



**मंसूरपुर।** एसएफ डीएवी, मंसूरपुर में बैसाख पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से इस पर्व की महत्ता को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान छात्र युविका ने बैसाख पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व नई फसल के आगमन, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बैसाख का त्योहार हमें प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संदेश देता है। कार्यक्रम का आयोजन संगीतचार्या सुषमा शर्मा द्वारा किया गया ।विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और भाषण के माध्यम से इस पर्व की परंपराओं और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाया। प्रधानाचार्य ए. के. मोहन ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और त्योहारों की परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**छपार।** ट्रैक्टर से खेत जोतने जा रहा किसान ट्रैक्टर पलटने पर उसके नीचे दबने से गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे बेगरजपुर चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गांव खामपुर निवासी किसान 70 वर्षीय मुजफ्फर आलम उर्फ मुन्ना सोमवार को सुबह 8 बजे टैक्टर हेरो लेकर खेत जोतने जा रहा था। काली नदी के किनारे जाते हुए ग्ले में गिर कर ट्रैक्टर पलट गया और चालक किसान उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने बताया कि उसने हिम्मत की ओर ट्रैक्टर के नीचे से निकलकर गांव तक आ गया वहां उसके नाक व कानों से खून बहने लगा और वह अचेत होकर शिव मंदिर के पास गिर गया। ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी उन्होंने उसूल बेगरजपुर चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सोंप दिया। बड़े ही गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। परिवार में मातम छाया हुआ है।

### सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में मना बैसाखी का पर्व

**भोपा।** मुज़फ्फरनगर –भोपा मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में बैसाखी का पर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जूनियर विंग के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने रंग–बिरंगे पारंपरिक परिधानों में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में छात्रओं ने सुंदर पंजाबी ड्रेस वेब परांदा पहना, जबकि छात्रें ने कुर्ता–पायजामा और सिर पर पगड़ी धारण कर सभी का मन मोह प्रस्तुत दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने चर्खा चलाने की गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने नई फसल के पकने, उसकी कटाई तथा उससे जुड़ी पारंपरिक प्रक्रियाओं का भी जीवंत प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को खेती–किसानी के महत्व और हमारी समृद्ध कृषि परंपराओं के बारे में रोचक जानकारी दी गई।बच्चों ने विभिन्न पंजाबी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें विशेष रूप से उनका ऊर्जावान भांगड़ा नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों की ऊर्जा, तालमेल और उत्साह ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया।इस अवसर पर शिक्षकगण बच्चों को गुरुद्वारा भी लेकर गए, जहां उन्होंने बच्चों को बैसाखी के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने बड़े उत्साह और जिज्ञासा के साथ इन जानकारियों को आत्मसात किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी एवं उप–प्रधानाचार्या अक्षमा चौधरी ने सभी बच्चों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को इसकी सांस्कृतिक और सामाजिक विशेषताओं के बारे में अवगत कराया।

### भीषण गर्मी में जल संकट गहराया

**खतौली।** नगर में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। पिछले दो दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह ठप होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है और आमजन का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पूर्व सभासद डॉ. मौ. अथर ने सहारनपुर मंडल के मंडलायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि होली चौक क्षेत्र में मुख्य पाइपलाइन में लीकेज होने से पूरे शहर की सप्लाई बाधित हो गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।डॉ. अथर ने नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था काफी कमजोर है। एक स्थान पर खराबी आने पर पूरे शहर की जलापूर्ति रोकनी पड़ती है, जो व्यवस्थागत कमी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि करीब दो वर्ष पहले उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डों और गलियों में बॉल वाल्व लगाने का सुझाव दिया था, ताकि किसी एक क्षेत्र में समस्या होने पर केवल उसी हिस्से की सप्लाई रोकी जा सके, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मंडलायुक्त से मांग की है कि नगर पालिका को निर्देश देकर वार्ड स्तर पर बॉल वाल्व लगाने का कार्य प्राथमिकता से कराया जाए और लीकेज को जल्द से जल्द ठीक कर जलापूर्ति बहाल की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है। वहीं, नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### आम्बेडकर जयंती पर श्रीराम कालेज में किया नेशनल सेमिनार

**मुजफ्फरनगर।** डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर के जन्म दिवस' के पूर्व संध्या पर श्री राम लॉ कॉलेज, मुजफ्फरनगर, में एक दो दिवसीय नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम प्रारम्भ करते हुए, संयोजक आंचल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षित बनो संगठित रहो व संघर्ष करो, ये शब्द आज भी प्रेरणा देते है। इसके उपरान्त सभी प्रवक्तागणों तथा विद्यार्थियों के द्वारा डॉ0 भीवराव अम्बेड़कर के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गयी तथा विद्यार्थियों हीना आमिर, अरीबा आमिर, हुरैन, खुशी गहलोत, सपना, निहारिका, आयान ने विचार रख। प्रवक्ता सोनिया गौड़ तथा राखी प्रमोद तुपे द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी, जिसमें वैष्णवी, वर्षा सैनी, आमिर चौधरी, तथा प्रिंस का कार्य सराहनीय रहा। इसके बाद प्रवक्ता अक्षी कश्यप के द्वारा नाटक तथा नृत्य का आयोजन कराया गया जिसमें छात्र बादल, एंजिल राठी, मीनू, उमरा, कोमल, खुशी की प्रस्तुती शानदार रही। इसके उपरान्त प्रवक्ता विश्वेन्द्र पंवार द्वारा डॉ0 अम्बेड़कर से संबधित प्रश्नोत्तरी क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 पूनम शर्मा द्वारा डॉ0 अम्बेडकर जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में संजीव कुमार, सोनिया गौड़, आंचल अग्रवाल, राखी प्रमोद तुपे, अक्षा कश्यप, मिनी सिंघल, विश्वेन्द्र पंवार, आशीष कुमार, नाहिद अंजुम, विनय तिवारी, त्रिलोकचन्द का सहयोग रहा।

# पीएनबी का 132वां स्थापना दिवस मनाया



बुढाना: स्थापना दिवस पर महापुरुषों को नमन करते बैंक कर्मी।

**बुढ़ाना।** पंजाब नेशनल बैंक की बुढ़ाना शाखा में सोमवार को बैंक का 132वां स्थापना दिवस व बाबा आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। शाखा मैनेजर अंकुर चौधरी ने केक काटा। बताया जाता है कि बैंक परिसर में सोमवार को एक अनूठा नजारा देखने को मिला।

बैंक प्रबंधन व कर्मचारियों ने सामाजिक समरसता का परिचय देकर डॉक्टर आंबेडकर व लाला लाजपत राय की जयंती संयुक्त रुप से हर्ष उल्लास के साथ मनाई। बैंक परिसर गुब्बारों वफूलों से सजाया गया था। दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक अंकुर चौधरी ने डॉक्टर आंबेडकर व लाला लाजपत राय के तैल चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके किया। बैंक स्टाफ और ग्राहकों की मौजूदगी में केक काटकर दोनों महापुरुषों का जन्मदिन मनाया गया। यहां बाबा साहेब अमर रहें लाला लाजपत राय अमर रहे के नारे लगाए गए। शाखा प्रबंधक ने कहा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने संविधान निर्माण कर देश को एक सूत्र में पिरोया व दलित वंचित समाज को अधिकार दिलाए वहीं लाला लाजपत राय ने साइमन गो बैक का नारा देकर आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी और लाठियां खाकर शहीद हुए। दोनों महापुरुषों का जीवन त्याग, संघर्ष व राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। उन्होंने कर्मचारियों से आ]वान किया कि महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन व कार्यशैली में उतारें और ग्राहकों से समानता व सम्मान का व्यवहार करें। ग्राहकों को मिष्ठान वितरण किया गया। अधिकारी कौशल कुमार ने कहा पीएनबी हमेशा से सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा है। महापुरुषों की जयंती मनाना नई पीढ़ी को उनके बलिदान से परिचित कराने का प्रयास है। यहां विकास, बृजमोहन, सचिन, शाहबाज लोई, अंकित, बिट्टू सेन, नेहा, जितेंद्र दीक्षित मौजूद थे।

# एसडीएम की गैरहाजिरी में स्टेनोग्राफर ने सुनी समस्याएं

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना में सोमवार को उस समय फरियादी असमंजस में पड़ गए जब उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने पर पता चला कि एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा किसी शासकीय कार्य से जिला मुख्यालय गए हुए हैं। हालांकि कार्यालय में मौजूद एसडीएम की स्टेनोग्राफर नगमा अंसारी ने मोर्चा संभालते हुए स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लेकर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

सुबह 10 बजे से तहसील परिसर में भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, चकबंदी, जन्म प्रमाण पत्र व पुलिस से जुड़ी शिकायतें लेकर फरियादी पहुंचे थे। एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के न मिलने पर वे मायूस होकर लौटने लगे तभी स्टेनोग्राफर नगमा अंसारी ने सभी को कार्यालय में बुलाकर एक एक कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर में दर्ज कर एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत करने और संबंधित विभागों को अग्रसारित करने की बात कही। स्टेनोग्राफर नगमा अंसारी के अनुसार एसडीएम मुख्यमंत्री के आगमन के चलते जिला मुख्यालय गए हैं। उनका निर्देश है कि कोई भी फरियादी तहसील से खाली न लौटे इसलिए



हम उनकी अनुपस्थिति में शिकायतें रिसीव कर रहे हैं और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। एसडीएम की गैरहाजिरी में भी कार्यालय में काम बाधित न हो इसके लिए ये व्यवस्था की गई है। इससे क्षेत्र की जनता का प्रशासन पर भरोसा ही बढ़ता है।

# लविश चौधरी को भारत लाने की उठी मांग

**मुजफ्फरनगर।** लविश चौधरी के खिलाफ लोग सड़कों पर हाथों में बैनर लेते हुए दिखाई पड़े। हाथों में तख्ती लेकर पास के मौहल्ले व गांव के लोगों ने तीन लोगों के फोटो पर काटे का निशान लगाकर उन पर भी करोडों की ठगी का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों में विजय मालिया और नीरज मोदी व अन्य लोगों से भी बडा ठग बताते हुए कहा कि लविश चौधरी करीब व बेरोजगार लोगों को अपने जाल में फंसाकर करीब हजारों करोड रूपये लेकर विदेश में जा बसा। बता दे कि लविश चौधरी को दबोचने के लिए पुलिस प्रशासन ने काफी प्रयास किए और उसके कुछ ग्रुकों को जेल भी भेजा गया, लेकिन शातिर लविश चौधरी किसी के हत्थे नहीं चढ़ा। सोमवार को कुछ लोग हाथों में तख्ती लेकर सड़कों पर निकले। तख्ती पर सुजडू और अन्य क्षेत्र के कुछ युवकों के नाम भी लिखे हुए थे और उन के फोटो पर काटे का निशान लगाकर सड़कों पर उतरे लोगों का आरोप था कि इन लोगों ने लविश चौधरी से मिलवाकर यहां के लोगों की कई करोड रूपये की ठगी कराई, हालांकि तख्ती ले रहे युवक का बयान था कि लविश चौधरी यहां से करीब हजारों करोड रूपये लेकर फरार हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि लविश चौधरी को मलेशिया से यहां लाया जाए ताकि पीड़ित लोगों को न्याय मिल सके। बता दे कि लविश चौधरी ने कई जनपदो में अपना जाल बिछा रखा था और भोले–भाले लोग ही नहीं बल्कि कुछ बड़े–बडे बिजनेसमैन और पढ़े लिखे लोग भी लविश चौधरी के झांसे में आकर अपनी जमापूंजी खो चुके हैं।

# सूजडू में दो युवकों को पीटते–पीटते किया अर्द्धनग्न

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम सुजडू में छत पर पतंग उडाने को लेकर मामूली सा विवाद इतना गम्भीर हो गया कि दो युवकों को घर में बंधकर उन्हे बेरहमी से पीटा गया। युवकों के शरीर पर चोटो के घाव बता रहे है कि उन पर बेरहमी से हमला किया गया दोनो युवकों को पीटते–पीटते अर्धनग्न कर दिया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हे अस्पताल पहुंचाने के बाद दो लोगों को गंभीर धाराओं में जेल भेजा गया। थाना खालापार क्षेत्र के गांव सुजडू जहांगीर पट्टी निवासी खलील कुरैशी के घर पर उनकी ससुराल के दो युवक आए हुए थे दोनो युवक छत पर पतंग उडाने लगे और किसी बात को लेकर दोनो पक्षों में कहा सुनी हो गई। कुछ ही देर में मामुली सा विवाद इतना बढ़ गया कि पांच–छह युवक यहां पहुंचे और जबरन उन्हे अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया। इसके बाद दोनो युवकों को बेरहमी से पीटा गया। युवकों के शरीर पर पडी चोटो से साफ हो रहा है कि काफी देर तक उन्हे पीटा गया है। सूचना के बाद जिस समय पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनो युवक बेहोशी की हालत में जमीन पर पडे हुए थे। खालापार पुलिस ने दोनो को जिला अस्पताल पहुंचाया और हमलावरों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। यह मामला सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस घटना की तहरीर कय्यूम पुत्र हिदायतुल्लाह निवासी दक्षिणी खालापार की ओर से दर्ज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में साहिल पुत्र उमर उर्फ भूरा व उमर उर्फ भूरा पुत्र कायम हुसैन निवासी खलासा पट्टी सुजडू को गिरफ्तार किया गया।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई की हुई बैठक

**शाहपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, इकाई मुजफ्फरनगर, मेरठ प्रांत की एक परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद शर्मा प्रांत पर्यावरण आयाम प्रमुख ने की तथा संचालन राजन गौड़, द्वारा किया गया। कार्यक्रम कपिल कुमार गुप्ता ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय कराया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता नरेंद्र, प्रांत संगठन मंत्री ने ग्राहक पंचायत के उद्देश्यों, कार्यों तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत सुधीर त्यागी प्रांत सहायक प्रचार–प्रसार प्रमुख ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहक पंचायत निस्वार्थ सेवा भाव से जनमानस के ग्राहक अधिकारों के संरक्षण का कार्य कर रही है। उन्होंने हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के तीन मुख्य बिंदुओं पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को बच्चों की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच को विनियमित करने हेतु कानून बनाना चाहिए, साथ ही गुणवत्तापूर्ण,शोषण–मुक्त, किफायती एवं सुलभ शिक्षा उपलब्ध करानी चाहिए तथा ऊर्जा संकट के समय सभी को केंद्र सरकार के साथ एकजुटता से खड़े रहने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई के गठन से संबंधित



प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद कपिल कुमार गुप्ता को जिला अध्यक्ष एवं राजन गौड़ को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रतीक शर्मा, प्रांत सहायक प्रचार–प्रसार प्रमुख, सौदान सिंह प्रांत कार्यकारिणी सदस्य तथा राहुल शर्मा, अशोक कुमार, डॉ. आदेश संगल, मनीष बंसल, पंकज गर्ग, सतीश कौशिक, अभिनव राजन, सूरज चौरसिया, प्रभात कुमार, मुकुंद कुमार, रोहित जैन, विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाकियूअ नेताओं ने एसएसआई को सौंपा ज्ञापन

**बुढाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने ब्लाकाध्यक्ष पिंटू ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को एसएसआई ललित शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी के नाम बुढाना क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

उक्त ज्ञापन में लिखा है कि वर्तमान समय में किसान आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है। तहसील में क्षेत्र के किसानों के दाखिल खारिज, विरासत, पैमाइश जैसे कार्यों में अनावश्यक देरी व अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही हैं। तहसीलदार किसानों के साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं जिससे किसान वर्ग आहत है। ख्रषि कनेक्शनों पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के कारण किसानों के बिजली के बिलों में खूब वृद्धि हो



रही है। बिना स्थलीय जांच के एवरेज बिल आ रहे हैं जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। बिजली की बढ़ी दरों में राहत, फसलों का उचित मूल्य, गन्ना भुगतान में पारदर्शिता, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा कराई जाए। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जांच कराकर किसानों को वास्तविक खपत के आधार पर बिल दिया जाए और किसानों की समस्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराकर राहत प्रदान की जाए। यहां नेपाल सिंह, विदुर सिंह, मिंटू सिंह, हसरत रजा, परवेज चौहान, गौतम प्रजापति, बाबू, छोटा सैनी परासौली, देशपाल सिंह, दुष्यन्त, गौरव कुमार और देव सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे सपा नेता सतेन्द्र पाल

**बुढाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गनपुर में आयोजित की जा रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में विशेष अतिथि के रूप में ओजस्वी एवं तेजस्वी व्यक्तित्व के धनी समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सतेन्द्र पाल पधारे।

आयोजक मंडल एवं ग्रामवासियों ने सपा नेता डाक्टर सत्येन्द्र पाल का पुष्पों की माला पहनाकर एवं पटका ओढ़ाकर हार्दिक स्वागत किया और कथा में सम्मिलित होने पर आभार प्रकट किया। वरिष्ठ सपा नेता सतेन्द्र पाल ने व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य कथा व्यास जी महाराज को नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कुछ समय कथा का श्रवण भी किया। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कलयुग में मोक्ष का सबसे सरल मार्ग है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में धार्मिक वातावरण बनता है और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। कथा के दौरान वृंदावन से पधारे कथा व्यास जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। पूरा पंडाल राधे राधे और हरे कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर ग्राम प्रधान कुसुम देवी, ठाकुर ब्रह्मपाल सिंह, राधे ठाकुर, पप्पू राणा, सुधीर राणा, कैप्टन शीतल सिंह, गौरव राणा, राहुल राणा, गौतम राणा, रामबीर राणा, महेश राणा, आनंदपाल कश्यप, रामवीर



कश्यप, बबलू राणा, यशपाल राणा और ठाकुर तेजवीर सिंह सहित गांव के सैकड़ों सम्मानित महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि सात दिवसीय कथा का विधिवत समापन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। ग्रामवासियों ने वरिष्ठ सपा नेता डाक्टर सतेन्द्र पाल का कथा में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आभार जताया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी हेमन्त कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इस्तेकार पुत्र मूंदा, निवासी ग्राम अलीपुर, थाना कैराना के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना कैराना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद राघव, हेड कांस्टेबल सनोज कुमार, कांस्टेबल प्रिंस कुमार और कांस्टेबल मोनू कुमार शामिल रहे।

# फर्जी अधिकारी बनकर उगाही करते तीन दबोचे

**□ डीएम ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के दिए निर्देश।**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में उस समय हड़कंप मच गया जब खुद को पर्यावरण आयोग का अधिकारी बताकर फैक्ट्रियों में जांच के नाम पर अवैध वसूली करने वाले तीन सदस्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हो गया। लंबे समय से उद्यमियों और व्यापारियों को शक था कि कुछ लोग फर्जी तरीके से अधिकारियों का रूप धारण कर उनसे धन उगाही कर रहे हैं। इसी शक के आधार पर जब इन लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी गई तो सच्चाई सामने आ गई। मौके पर ही उद्यमियों ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया और उनके खिलाफ जमकर हंगामा किया। इसके बाद सभी आरोपीयों को जिला अधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहां उनसे कड़ी पूछताछ की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वे किसी भी सरकारी विभाग से जुड़े नहीं हैं और केवल लोगों को डराकर अवैध वसूली कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कहा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस घटना के बाद क्षेत्र के उद्यमियों में राहत और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

सोमवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित सुखमाल चंद मेटल इंडस्ट्रीज में पर्यावरण अयोग के तीन अधिकारी पहुंचे, जहां उन्होने फैक्ट्री संचालक सुभाष चंद जैन से वार्ता कर फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण की रिपोर्ट की मांग की। आरोप है कि उन्होने खुद को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग का अधिकारी बताया। जिसके बाद फैक्ट्री से निकलने वाले धुए को देखते हुए वसूली का दबाव बनाया गया, लेकिन सूचना पाकर लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल और दिल्ली रोड इंडस्ट्री के अध्यक्ष राजीव जैन मौके पर पहुंचे और पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त पर्यावरण आयोग के अधिकारी फर्जी है, जो जिलेभर की फैक्ट्रियों में घूमकर वसूली करने का काम कर रहे है। जिसके बाद उद्यमियों ने जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख आरोपियों ने मौके से भागने का भी प्रयास किया, लेकिन उद्यमियों ने दो को मौके पर दबोच लिया, लेकिन एक आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा। पुलिस के साथ उद्यमी पकडे गए फर्जी आयोग के अधिकारियों को शामली नवीन कलक्ट्रेट में डीएम अरविन्द कुमार चौहान के समक्ष लेकर पहुंचे, जहां डीएम ने पकडे गए फर्जी पर्यावरण आयोग के पदाधिकारियों से पूछताछ की और शहर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने के निर्देश दिए। डीएम के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस कथाकथित आयोग के पदाधिकारियों को अपने साथ ले गई। पकडे गए पर्यावरण आयोग के फर्जी पदाधिकारियों ने अपने नाम आबिद और रिशीराज मलिक बताया है। वही मोहम्मद जीशान मौके से फरार हुआ है। इस दौरान वेदप्रकाश आर्य, मनोज कुमार, अमित जैन, आशीष जैन, विनीत गोयल, मयंक जैन, कुलदीप शर्मा, दिनेश धीमान आदि मौजूद रहे।

## तमंचा-कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस टीम ने सोमवार को यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शहजाद पुत्र वक्सी निवासी मोहल्ला आर्यपुरी, थाना कैराना जनपद शामली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में थाना कैराना पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, कांस्टेबल उधम सिंह और कांस्टेबल भानू शामिल रहे।

# कोर्स के नाम पर लूट का खेल, चुप्पी पर सवाल

**□ निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने की मजबूरी, 'सेटिंग' के खेल में फंसे अभिभावक शिक्षा विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों द्वारा कोर्स के नाम पर अभिभावकों से की जा रही खुली लूट अब प्रशासनिक उदासीनता पर भी सवाल खड़े करने लगी है। स्कूलों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि अभिभावकों को तय दुकानों से ही महंगे दामों पर किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थिति यह है कि बिना स्कूल द्वारा जारी पर्ची दिखाए बुक सेलर किताबें देने से साफ इनकार कर रहे हैं।

कस्बे में शिक्षा के नाम पर अनोखा खेल खेला जा रहा है। कोर्स के नाम पर चल रहे सेटिंग के खेल ने अभिभावकों को मुश्किल में डाल दिया है।बताया गया है कि कोर्स आपको वहीं से मिलेगा, जहां से स्कूल संचालक कहेगा। अन्य स्थान से आपको कोर्स लेने की इजाज़त नहीं है। कस्बे के जोडवां कुएं पर एक चर्चित बुक सेलर के यहां तो बाकायदा अलग-अलग स्कूलों के रजिस्टर तक बनाए गए हैं, जिनमें छात्रों के नाम और कक्षाओं के अनुसार कोर्स तय है। इसी सूची के आधार पर किताबें बेची जा रही हैं, जिससे पूरे मामले में सुनियोजित मिलीभगत की बू साफ नजर आ रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि वही कोर्स अन्य दुकानों पर उपलब्ध नहीं है। इससे अभिभावकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता और उन्हें मजबूरी में निर्धारित दुकानों से ही ऊंचे दामों पर किताबें खरीदनी पड़ रही हैं। अभिभावकों का आरोप है कि यह पूरा खेल स्कूल प्रबंधन और बुक सेलरों के बीच कमीशनखोरी का नतीजा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन इस पूरे खेल से अनजान कैसे है? क्या अधिकारियों को इस अवैध व्यवस्था की जानकारी नहीं, या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं? नियमों के अनुसार स्कूल किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते, इसके बावजूद खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसके बाद भी न तो कोई जांच हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई सामने आई।अभिभावकों और स्थानीय लोगों में इस मुद्दे को लेकर भारी रोष है। उन्होंने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से तत्काल जांच कर दोषी स्कूलों और बुक सेलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यदि जल्द ही इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो यह मुद्दा बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस तरह की लूट और प्रशासन की चुप्पी, दोनों ही गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं।

## कांधला स्टेशन पर गंभीर हालत में मिला लापता व्यक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के मोहल्ला अटल विहार निवासी परवीन पुत्र दल सिंह गत रविवार को अपने घर से लापता हो गए थे। उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन परिजनों को कोई सुराग नही लग सका। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि सोमवार सवेरे 4 बजे दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आकर परवीन घायल हुए है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सिर में गंभीर चोटे आई है। चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वही परिजनों से मामले में जाचं की मांग की है।

# नहर में पानी न आने से सूख रहीं फसलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र से होकर गुजर रही पूर्वी यमुना नहर में पिछले महीने से पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण किसानों के सामने सिंचाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नहर सूखी पड़ी होने से खेतों में खड़ी फसलें मुरझाने लगी हैं, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को क्षेत्र के किसान सालिम, इरफान, दिलशाद, इंतजार, शमीम, इलियास, नफीस और साजिद सहित अन्य किसानों ने बताया कि पूर्वी यमुना नहर क्षेत्र की मुख्य सिंचाई का साधन है, लेकिन काफी समय से इसमें पानी नहीं छोड़ा गया है। इसके चलते बागवानी और अन्य फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि अमरूद, आड़ू, नाशपाती, आम, पॉपलर और लीची जैसी बागवानी फसलें पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही नहर में पानी नहीं आया तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है और भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। किसानों ने इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र भेजकर पूर्वी यमुना नहर में पानी छोड़ने की मांग की है।

## सत्यनारायाण में मनाई आम्बेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने भारत रत्न डॉ. अम्बेड़कर के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर हम सबके लिए आदर्श और अनुकरणीय है। ऐसे संविधान के बिना भारत की उन्नति और एकता की कल्पना करना भी कठिन है। कार्यक्रम में कु.जिया, कु.ज्योति, कु.नैना और कु.नेहा, कु.अनोखी आदि छात्राओं ने भी डॉ. अम्बेड़कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, फूल कुमार, साकेत निर्वाल मौजूद रहे।

# बस न रुकने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना-बिडौली मार्ग पर स्थित सकौती गांव में रोडवेज बसों के न रुकने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क पर एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उप्र परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सहारनपुर से बसों का ठहराव सुनिश्चित करने और संख्या बढ़ाने की मांग की।

चौसाना क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि सकौती, नाईनगला, साल्हापुर, मुस्ताबाद सहित आसपास के कई डेरे-मजरों के लोग इसी मार्ग पर निर्भर हैं, लेकिन रोडवेज बसें गांव के बस स्टैंड पर नहीं रुकतीं। इससे रोजाना सफर करने वाले छात्र-छात्राओं, नौकरी पेशा लोगों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर गंगोह, करनाल और शामली आने-जाने वाली बेटियों को घंटों सड़क किनारे बस का इंतजार करना पड़ता है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला। मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बसों का ठहराव सुनिश्चित नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने उप्र परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन में मांग की कि सकौती बस स्टैंड पर नियमित रूप से रोडवेज बसों का ठहराव किया जाए और बसों की संख्या भी बढ़ाई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। प्रदर्शन में पाऊल प्रधान सकौती, विनोद निर्वाल, कर्मवीर, नितिन, सुदेश, पुरण, अनुज, अमरीत, राजीव, मोनू, रणधावा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वकर को लेकर बोर्ड बैठक में हंगामा

**□ दरों में आधी कटौती करने के प्रस्ताव के साथ 32 विकास कार्य भी हुए पारित।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन की बोर्ड बैठक में सोमबार को स्वकर प्रणाली को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। बैठक के दौरान नामित सभासद बिट्टू प्रजापति ने अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ए.सी. कमरे में बैठकर मनमाने तरीके से टैक्स निर्धारित किया जा रहा है जिससे नगरवासियों में भारी असंतोष बना हुआ है। बैठक में जहां कुछ सभासद अधिशासी अधिकारी के समर्थन में खड़े नजर आए, वहीं दूसरी ओर कई सभासदों ने स्वकर प्रणाली को ही मुख्य मुद्दा बनाते हुए इसका विरोध किया। सभासदों ने आगामी बोर्ड बैठक में भी इस विषय को प्रमुखता से उठाने और इसे लेकर शासन को प्रस्ताव भेजने पर सहमति जताई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वकर प्रणाली के तहत लगाए गए कर को आधा करने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि जब तक शासन स्तर से कोई स्पष्ट निर्देश नहीं आते, तब तक नई वसूली पर रोक रहेगी।

हालांकि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए फिलहाल पूर्व निर्धारित दरों के अनुसार ही गृहकर लिया जाएगा। जलकर को लेकर भी वही पुरानी व्यवस्था लागू रखने की बात कही गई। नगरवासियों की ओर से भी स्वकर प्रणाली पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं।

लोगों का कहना है कि जिन घरों में पानी की टंकी या नियमित जलापूर्ति नहीं है उनसे जलकर वसूलना अनुचित है। इसके अलावा एक ही भवन के अलग-अलग हिस्सों या मंजिलों पर अलग-अलग कर लगाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। बैठक में नगर पंचायत के चालू वित्त वर्ष के खर्चों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभासदों ने विस्तार से चर्चा की। वहीं, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने आरोपों का जवाब देते हुए कुछ सभासदों पर ही लापरवाही बरतने और तथ्यों को सही तरीके से प्रस्तुत न करने का आरोप लगाया। यदि आम जनता के नजरिए से देखा जाए तो स्वकर प्रणाली का व्यापक विरोध सामने आ रहा है।

अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि शासन को भेजा जाने वाला प्रस्ताव क्या रूप लेता है और नगरवासियों को इसमें कितनी राहत मिलती है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के संचालन में बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अनुमानित बजट पारित किया गया जिसमें 41 करोड़ 53 लाख आय का अनुमान, वही 41 करोड़ 46लाख खर्च होने का अनुमान है। बैठक में बॉबी अरोड़ा, अनिल कुमार, अंशुल गर्ग एडवोकेट, नीरज गोयल, महबूब, सुशील कुमार, देवेंद्र पंडित, दिनेश कुमार, महावीर पाल, सभासदगण नामित सभासद अशोक चावला, बिट्टू प्रजापति, आबाद ज़ैदी, आदि उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में सर्वर डाउन बना सिरदर्द



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में सोमवार को सर्वर डाउन होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इंटरनेट कनेक्शन ठप होने के चलते अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था प्रभावित हो गई और रजिस्ट्रेशन खिड़की पर मरीजों की लंबी कतारें लग गईं।

सुबह से ही सर्वर न चलने के कारण मरीजों का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो सका। इसके चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई मरीजों ने नाराजगी भी जताई। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल प्रशासन सीएमएस डा. किशोर आहुजा को मजबूरन ऑफलाइन पर्ची जारी करनी पड़ी, जिसके बाद कुछ हद तक व्यवस्था सामान्य हो सकी। सर्वर बाधित होने का असर केवल पंजीकरण तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि सिटी स्कैन और लैब में होने वाली जांचें भी प्रभावित रहीं।

जांच कराने आए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। बताया जाता है कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे के बाद इंटरनेट सेवा बहाल हो सकी, जिसके बाद ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया फिर से शुरू हुई और मरीजों को राहत मिली। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बचाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।

# आम्बेडकर जयंती पर निबंध प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सेंट आर.सी. साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल (10+2), सेंट आर.सी. कॉलोनी में सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार, प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान निदेशक ने संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में विभिन्न वर्गों के अनुसार किया गया। प्राथमिक वर्ग में कक्षा 3 के लिए 'मायसेल्फ', कक्षा 4 के लिए 'माय कंट्री' और कक्षा 5 के लिए 'इम्पोर्टेंस ऑफ इंग्लिश' विषय निर्धारित किए गए। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 के लिए 'जलियांवाला बाग' विषय रखा गया।

सीनियर वर्ग में कक्षा 9 के लिए 'समय का महत्व', कक्षा 10 के लिए 'विद्यालय जीवन में अनुशासन का महत्व', कक्षा 11 के लिए 'जीवन में खेल का महत्व' तथा कक्षा 12 के लिए 'परिश्रम का महत्व' विषय तय किए गए।विद्यार्थियों ने सुंदर भाषा-शैली और आकर्षक सुलेख में निबंध लिखकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रशांत शर्मा, प्रमोद कुमार, अंकित चौहान, अजेन्द्र सिंह, शुभम कर्णवाल, प्रभात गर्ग, अमित तोमर, अमित ठाकुर, अजीत सिंह, ममता शर्मा, मरियम सिद्दीकी, आरती शर्मा, लीना, रीतू, मीनू, परमजीत कौर और ऊषा अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। मीडिया प्रभारी प्रदीप कौशिक ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।

## हलवाई के साथ मारपीट में पुलिस ने दो भाइयों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवादाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी अनिल पुत्र शेर सिंह ने बताया कि उसने कस्बे के दिल्ली बस अढे पर हलवाई की दुकान कर रखी है पीड़ित का भाई दीपक अपनी दुकान बंद कर शनिवार की देर शाम अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह मोहल्ले में मंदिर के निकट पहुंचा तो मोहल्ले के ही राजा वह उसके पुत्र सन्नी और बंटी ने उसके भाई को रोकर उसके साथ गाली गलौज की और लाठी डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित परिजनों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले सन्नी और बंटी को गिरफ्तार करते हुए उनका चालान कर दिया।

# कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार जनपद में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के पर्यवेक्षण में कांधला पुलिस को यह सफलता मिली।पुलिस ने आरोपी सोनू पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम इब्राहिमपुर माजरा थाना रमाला जनपद बागपत को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना कांधला पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, कांस्टेबल प्रवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# चौसाना क्षेत्र में पांच घंटे बिजली रहेगी बाधित

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी लाइन पर आवश्यक कार्य कराए जाने के चलते 15 अप्रैल को क्षेत्र के कई उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति पांच घंटे तक बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से पहले ही वैकल्पिक व्यवस्था करने की अपील की है, ताकि दैनिक कार्यों में कोई परेशानी न हो। विद्युत वितरण खंड-चतुर्थ के अंतर्गत जेई आजम अकबर ने जानकारी देते हुए बताया गया कि 132 केवी परीक्षण विद्युत उपकेंद्र शामली शामला-सिकंदरपुर से निकलने वाली 33 केवी लाइन चौसाना, खोडसमा, टोडा की सुरक्षा और रखरखाव कार्य के लिए शटडाउन लिया जाएगा। इसके चलते 33/11 केवी चौसाना व संबंधित अन्य उपकेंद्रों से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक पूरी तरह बाधित रहेगी।

विभाग ने बताया कि यह शटडाउन विद्युत लाइनों की सुरक्षा और भविष्य में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया जा रहा है।

इस दौरान क्षेत्र के घरेलू, कृषि और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बिजली न मिलने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे जल आपूर्ति, मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें।

# 21 साल पुराने दोहरे हत्याकांड में बड़ा फैसला, 2 आरोपी बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना तीतरो क्षेत्र के गांव बरसी में वर्ष 2005 में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-1 ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया गया।

यह मामला 22 सितंबर 2005 का है, जब गांव बरसी में कुरड़ी (कूड़ा डालने) के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा. सुनी के बाद फायरिंग हो गई थी। इस घटना में सतीश कुमार और प्रदीप कुमार पुत्रगण जयद्रथ सिंह की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि जयद्रथ सिंह, अनिल कुमार, मुकेश, संदीप, विनोद सहित कई लोग घायल हो गए थे।

घटना के संबंध में वादी मनोज कुमार पुत्र जयद्रथ सिंह की तहरीर पर थाना तीतरो में मुकदमा अपराध संख्या 100/2005 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504 व बाद में 302 आईपीसी के तहत नरेन्द्र, वीरेन्द्र, अजय कुमार, सुनील कुमार, विजेन्द्र, चन्द्र, उदयवीर व कुशलपाल उर्फ मिंटू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मुकदमे में वादी की ओर सूरज प्रकाश गुप्ता प्रशांत गुप्ता एवं एडीसी राजवीर सिंह एवं प्रतिवादी सुनील की ओर से अधिवक्ता सतीश कुमार चौधरी नदी फिरोजपुर एवं उदयवीर की ओर से आरके गुप्ता अधिवक्ता रहे। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की ओर से अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए गए



विवेचना के बाद पुलिस ने नरेन्द्र, वीरेन्द्र, अजय कुमार, कुशलपाल उर्फ मिंटू, विजेन्द्र व चन्द्र के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। बाद में न्यायालय ने धारा 319 सीआरपीसी के तहत सुनील कुमार व उदयवीर को भी विचारण के लिए तलब किया था।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष सुनील कुमार पुत्र धूम सिंह और उदयवीर पुत्र वीरेन्द्र के खिलाफ आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। गवाहों के बयानों में विरोधाभास, मौके पर उनकी उपस्थिति सिद्ध न होना तथा विवेचक द्वारा भी उनके शामिल होने की पुष्टि न किए जाने के आधार पर दोनों को बरी कर दिया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार चौधरी नंदी फिरोजपुर ने बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अपने आदेश में अपर सत्र न्यायाधीश अभय कृष्ण तिवारी ने 10 अप्रैल को सुनाए गए फैसले में सुनील कुमार और उदयवीर को धारा 148, 323/149, 307/149, 302/149 व 504 आईपीसी के आरोपों से दोषमुक्त करते हुए बरी करने का आदेश दिया। साथ ही दोनों को 50-50 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, इस मामले में अन्य सात आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय ने उन्हें पूर्व में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।इस फैसले के बाद लंबे समय से लंबित इस मामले का निपटारा हो गया है।

# फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बे-मौसम बारिश ओलावृष्टि तथा तेज हवाओं से फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर किसानों भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति के बैनर तले स्थानीय प्रशासन से फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

सोमवार यहां ब्लॉक सभागार आयोजित बैठक के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव चौधरी कुल. वीर सिंह ने कहा कि लगातार खराब मौसम के कारण किसानों की कमर तोड़ दी है। उनकी खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई, जिससे किसानों को आर्थिक संकट में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि बाजारों में महंगाई, नकली खाद व कीटनाशकों की मार ने किसानों के हालात और अधिक बिगाड़ दिए हैं। जिससे कई किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं।

उन्होंने थानाध्यक्ष सुरेश कुमार को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि किसानों की बर्बाद हुई फसलों का तुरंत निष्पक्ष सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही किसानों को कर्जमुक्त करने की भी मांग भी उठाई गई। उन्होंने सर्वे में भेदभाव का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई। किसानों ने चेताया कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान जल्दी नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मुकेश चौधरी, यशपाल सिंह, नवीन कुमार, धर्मवीर सिंह, सादिक, महिपाल, इमरान, ब्रिजेश कुमार आदि रहे।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जयंती: रुचि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर नकुड़ क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता, थानाध्यक्ष सुरेश सिंह और अंबेहटा चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना ने गांव ब्राह्मण माजरा, गांव शंभूगढ़ में ग्रामीण से मिलकर लोगों से अपील की कि जयंती को शांतिपूर्ण व भव्य तरीके से मनाया जाए।

क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने कहा पुरानी परंपरा के तरीके से ही डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। बिना परमिशन के शोभा यात्रा निकाली गई तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएंगी ग्रामीण किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। अगर किसी ने शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष सुरेश सिंह और चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना ने भी कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कहा कि पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्क है। अंबेहटा चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना के नेतृत्व में पीएसी बल की टीम ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। मार्च के दौरान लोगों को जयंती को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और शांति बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# वाहन चैकिंग अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** धलापडा चौकी पर कोतवाली प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आ रही है।

कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने धलापडा चौकी प्रभारी के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने पुलिस फोर्स के साथ गहनता से वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# चौ. अनिल बने तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** रामपुर मनिहारन तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में चौथी बार परचम लहराते हुए चौधरी अनिल गुर्जर बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष गुट के ही महासचिव पद पर मुरारीलाल रहे विजयी रहे। जबकि बाकी पदों पर सभी निर्विरोध चुने गए।

रामपुर मनिहारन तहसील बार एसोसिएशन में कुल 79 अधिवक्ता वोटर हैं। सोमवार सभी अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।यह मतदान प्रतिष्ठा पूर्ण होने के साथ साथ बड़ा ही रोमांचक रहा।चुनाव परिणाम से ही अंदाज लगाया जा सकता है कि जीतने वाले अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को अनिल गुर्जर को एक वोट से विजय प्राप्त हुई।अनिल गुर्जर को 40 जबकि यशपाल सिंह को 39 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद पर मुरारीलाल ने आलोक सहगल को 6 मतों से हराकर कब्जा किया।



नव-निर्वाचित अध्यक्ष चौधरी अनिल गुर्जर ने जीत का श्रेय दिया साथियों को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह हमेशा अधिवक्ताओं के हित में कार्य करते रहेंगे। अनिल गुर्जर की जीतने पर योगेन्द्र एडवोकेट, सुंदर एडवोकेट, मोनू राणा एडवोकेट, आरिफ एडवोकेट, धीर सिंह एडवोकेट, मेहरबान एडवोकेट, विपिन एडवोकेट, आदि अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था के दृष्टिगत निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत क्षेत्र में पर्व को सकुशल संपन्न करने व क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर कोतवाली पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को ओर बेहतर बनाने के लिए फ्लैग मार्च निकाला। नगर की प्रमुख सड़कों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले चौराहों से गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति बनाए रखने की अपील की। कोतवाली प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना और संभावित अप्रिय घटनाओं को रोकना है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया है।

# किसानों ने समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** भारतीय किसान यूनियन जन कल्याण आरा से जुड़े सैकड़ों किसानों ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम 10 सूत्री ज्ञापन नकुड थानाध्यक्ष सुरेश सिंह को सौंपा। ज्ञापन में किसानों की प्रमुख समस्याओं का जिक्र करते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई है।

जन कल्याण के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कवरपाल सिरोही ने बताया कि हम सभी ने प्रधानमंत्री के नाम यह ज्ञापन दिया है। जिसमें मांग की गयी कि देश के किसानों का सभी कर्ज माफ किया जाए। सभी स्कूलों में एक समान शिक्षा का अधिकार लागू किया जाए। आयुष्मान कार्ड की यूनिट की बाध्यता समाप्त की जाए। किसानों की सभी फसलों पर 30% एमएसपी बढ़ाई जाए। किसानों के सभी प्रकार के बिजली बिल माफ किए जाएं। किसानों को दवाई और खाद समय पर उपलब्ध कराया जाए। किसानों के नलकूपों पर सामान्य मीटर लगाया जाए। किसान अपनी फसल किसी भी जगह बेच सके, ऐसा कानून लागू किया जाए। हरियाणा बॉर्डर पर किसानों के साथ हो रहे उत्पीड़न को तुरंत बंद किया जाए। ओलावृष्टि से खराब हुई गेहूं की फसल का मुआवजा तत्काल किसानों को दिया जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जन कल्याण आरा के ब्लॉक अध्यक्ष बाबूराम चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामकुमार, रजनीश सिरोही, रकम सिंह, सविन्द्र कुमार, सोनू चौधरी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।किसानों ने कहा कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के बाद किसानों ने नारे लगाकर सरकार से तुरंत समर्थन मांगा।



# निरीक्षण कर किया मूल्यांकन

**गंगोह।** इनर व्हील क्लब गंगोह में डिस्ट्रिक्ट 308 की चेयरमैन पूजा गोयल की आधिकारिक यात्रा गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन द्वारा क्लब के सभी पदाधिकारियों की फाइलों का निरीक्षण करते हुए उनके कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्य नीरा शर्मा द्वारा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु स्थापित "प्रेरणा लाइब्रेरी" का उद्घाटन जिला अध्यक्ष के करकमलों द्वारा किया गया। क्लब की ओर से एक बालिका को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन के साथ 6 माह का सिलाई डिप्लोमा प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कृष्णा इंस्टीट्यूट के तीन सफाई कर्मियों को कंबल वितरित तथा 15 आंगनबाड़ी केंद्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु कपड़े के थैले दिए गए। साथ ही सरकारी विद्यालयों में मिड-डे मील बनाने वाली 6 रसोइयों को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। क्लब की अध्यक्ष निशा गुप्ता ने जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया, वहीं इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पूजा गोयल ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। क्लब की सचिव नमिता सिंघल द्वारा क्लब की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। दो नए सदस्य पूजा गोयल तथा शशि गुप्ता को पिन लगाकर क्लब के सदस्य होने की शपथ दिलाई गई। संचालन सोनिका तायल ने किया।

# डा. आम्बेडकर हमारे आदर्श: श्वेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि बाबा साहब के समानता, न्याय, भाईचारे की स्थापना के आदर्श हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

सहारनपुर रोड स्थित महिला कॉंग्रेस कार्यालय पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सम्मान और श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।बाबा साहब के चित्र पर माल्यापर्ण कर पुष्प अर्पित किए गए।संबोधित करते हुए महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की स्थापना के लिए जो संघर्ष किया वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रा. त है। बाबा साहब संविधान के रूप में अद्‌भुत ग्रन्थ देश को दिया है जिसमें सभी देशवासियों को समान अधिकार दिए गए हैं।श्वेता सैनी ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए एकता बनाए रखनी चाहिए ताकि हमारा देश मजबूत रहे। अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

इस दौरान राखी, पूजा, रेखा, तृप्ति, सरोज, प्रीति, इरम, उपमा आदि काफी महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# हर्षोल्लास से मनाई बैसाखी




**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व नहीं, बल्कि सिख पंथ के लिए यह दिन अत्यंत पवित्र है, क्योंकि आज के दि नही 1699 में गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक पंजाबी परिधान धारण कर बैसाखी की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की। जसमीत, रबजोत, सुखजीवन, रवनीत, सुखजोत, कीर्ति व अवनि ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को जीवंत और यादगार बना दिया। प्रधानाचार्य शालू चौधरी ने बैसाखी पर्व की शुभकामनाएँ दी।

# आर्यदीप सैनी का गांव पहुंचने पर अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बार्सिलोना स्पेन में फुटबॉल खेलने वाले खिलाड़ी का अपने गृह क्षेत्र में पहुंचने पर आर्यदीप सैनी का एकता जन सेवा समिति द्वारा अभिनंदन किया गया।

सोमवार को अपने गांव दौलतपुर पहुंचे आर्यदीप सैनी का ग्रामीणों सहित एकता जन सेवा समिति ने स्वागत किया। समिति की ओर से आर्यदीप सैनी को अंग वस्त्रम्, सम्मान पत्र तथा पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि यह जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि मो. हाली की मिनर्वा एकेडमी द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश से आर्य दीप सैनी का चयन स्पेन में होने वाली अंडर 15 फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए किया गया था।

आर्यदीप के नेतृत्व में विश्व की सात टीमों के साथ मैच खेले गए, जिनमें भारत की टीम ने सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आर्यदीप सैनी अन्य देशों में होने वाली टूर्नामेंट में प्रति. निधित्व कर देश का नाम रोशन करेगा। आर्यदीप ने बताया कि वह भविष्य की तैयारी के लिए पुन: अकादमी में प्रशिक्षण एवं तैयारी के लिए जा रहा है।

# बाइक सवार की मौत

**सहारनपुर।** थाना नंगल क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी बाइक लेकर फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नंगल क्षेत्र के गांव सूबरी के पास एक बाइक सवार युवक टैम्पो और डीसीएम को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बाइक असंतुलित होकर वाहनों से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद उसका साथी मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। हादसे में मृतक युवक की शिनाख्त रोनक सैनी पुत्र पवन सैनी के रूप हुयी है।

# बैडमिन्टन के विजेता बच्चे सम्मानित



**गंगोह।** रोटरी क्लब की त्रिदिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित किया गया। 16 से कम आयु के सिंगल में विक्रान्त (सहारनपुर) व भव्य (गंगोह), डबल में विक्रांत और निखिल (सहारनपुर) व अनिरुद्ध व भव्य, मेंस सिंगल में विक्रांत (सहारनपुर) व शुभम गुप्ता (गंगोह), मेंस डबल में विक्रांत और निखिल (सहारनपुर) व शुभम गुप्ता और संजय (गंगोह), 40 वर्ष से अधिक आयु सिंगल में शुभम गुप्ता (गंगोह) व जावेद अंसारी (रामपुर मनिहारान), डबल में जावेद अंसारी और मरगूब (रामपुर मनिहारान) व शुभम गुप्ता और नवदीप शर्मा (गंगोह) क्रमश: विजेता व उपविजेता रहे।

अतिथियों पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद व पूर्व प्रधानाचार्य अनिल मित्तल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। नगरपालिका में कार्यरत रही रुपाली रूपेंद्र कुमार सहारनपुर द्वारा विजेताओं को किट प्रदान की गई। डॉ. अरुण शर्मा को ओलंपियाड जीतने पर पुरस्कृत किया गया। संचालन विनीत अग्रवाल और आभार कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र शर्मा ने प्रकट किया। कार्यक्रम में नरेंद्र तायल, विकास सिंघल, सचिन गर्ग, मुकेश गुप्ता, अरुण शर्मा, मनोज जैन, विजय जिंदल, संजय गर्ग, अमित सिंघल, नितिन तायल, शुभम गुप्ता, नितिन, नमिता सिंघल, सुनीता अग्रवाल, नीरा आदि मौजूद रहे।

# आढ़तियों को औने पौने दामों में बेचा जा रहा गेंहू

**गंगोह।** नवीन अनाज मंडी स्थल पर गेंहू की आवक शुरु होने के बावजूद सरकारी क्रय केन्द्रों से किसानों को मायूस लौटना पड रहा है। माउसचर बताकर किसानों के गेंहू नही खरीदे जा रहे है। मजबूरन उन्हें एमएसपी के विपरीत आढतियों को औने पौने दामों पर लुटाना पड रहा है। हालांकि मंडी सचिव सोहनवीर सिंह बोली बुलवाकर किसानों के गेंहू बिकवा रहे है।

मंडी परिसर में सरकार द्वारा किसानों के गेंहू सरकारी दरों पर खरीदने के लिए विभिन्न एजेन्सियों के चार क्रय केंद्र स्थापित किए गए है। एकमात्र एफसीआई केद्र के 1500 कुन्तल खरीद को छोड अन्य पर तो अभी तक बाहेनी तक नही हो सकी है। जिसके चलते केन्द्र प्रभारियों और किसानों के बीच कहासुनी व गर्मागर्म बहस होने लगी है। नगर के किसान संजय सिंह, राजपाल सिंह, सुशील कुमार दथेडा, राजेंद्र चौसाना और राजपाल शर्मा मछरौली व यासीन जोगीपुरा आदि ने बताया कि वे लगातार मंडी के चक्कर काट रहे हैं, मगर उनका गेहूं न तौलकर ज्यादा माउसचर व अन्य कमी बताकर उन्हें टालू मिक्सचर दे दिया जाता है।



किसानों का आरोप है कि व्यापारियों से सांठ-गांठ के चलते सरकारी दरों 2585 के विपरीत उन्हें अपना गेंहू 2100 से 2300 में बेचना पड रहा है। मंडी सचिव सोहनवीर सिंह ने बताया कि मंडी में लगभग 5 हजार कुन्तल गेंहू की खरीद हो चुकी है। मगर नमी 12 के बजाय 15 से उपर होने के कारण क्रय एजेन्सियां खरीद नही कर पा रही। एफसीआई केंद्र प्रभारी आशीष अग्रवाल, मंडी समिति के केंद्र प्रभारी परमेश कुमार और आरएफसी केंद्र प्रभारी नीरज कुमार और रजनीश कुमार ने मानकों के अनुरूप गेहूं की आवक न होने को खरीद शुरू न हाने की बात कही। हवाओं के साथ होने वाली तेज बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की मुसीबत बढा दी है। गेंहू में नमी बढने से सरकारी दामों के बजाय उन्हें सस्ते दामों पर गेंहू बेचना पड रहा है। जिससे सरकार की लाभकारी मूल्य देने की योजना पर पलीता लग रहा है।

# स्वतंत्रता सेनानी शेखुल हिंद मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने की मांग निंदनीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शेखुल हिंद एकेडमी के अध्यक्ष रियाज महमूद देवबंदी ने कहा कि दारुल उलूम देवबंद के प्रथम छात्र और महान स्वतंत्रता सेनानी शेखुल हिंद मौलाना महमूद हसन देवबंदी के नाम से सहारनपुर में स्थित मेडिकल कालेज का नाम बदलने की पूर्व विधायक मनोज चौधरी की मंशा निंदनीय है। इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शेखुल हिंद एकेडमी अध्यक्ष रियाज महमूद ने जारी अपने बयान में कहा कि शेखुल हिंद महमूद हसन देवबंदी देश की आजादी की तहरीक के एक अजीम रहनुमा और बेमिसाल स्वतंत्रता



हाजी रियाज महमूद

सेनानी थे। उनकी खिदमात को देखते हुए ही सहारनपुर में मेडिकल



पूर्व विधायक मनोज चौधरी।

कालेज का नाम उनके नाम पर रखा गया था। लेकिन हाल के दिनों में

**शेखुल हिंद एकेडमी के अध्यक्ष रियाज महमूद ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजा पत्र**

समाजवादी पार्टी के सदस्य और पूर्व विधायक मनोज चौधरी की तरफ से इस नाम को बदलकर किसी दूसरी शख्सियत के नाम पर रखने की जो मांग सामने आई है, शेखुल हिंद एकेडमी उसकी कड़ी निंदा करती है। हम सभी महापुरुषों, जिनमें राजा मिहिर भोज भी शामिल हैं, का बेहद सम्मान करते है। लेकिन किसी भी सूरत में शेखुल हिंद का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रियाज महमूद ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मामले का संज्ञान लेने का आह्वान किया। साथ ही इस तरह के विभाजनकारी सोच रखकर समाज में फूट डालने वाले किसी भी जनप्रतिनिधि के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने की चेतावनी दी। उधर, पूर्व विधायक मनोज चौधरी का कहना है कि सहारनपुर में हुए गुर्जर समाज के कार्यक्रम में उन्होंने सम्राट मिहिर भोज के नाम से मेडिकल कालेज या अन्य संस्थान खोलने की बात की थी। वह देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों का बेहद सम्मान करते है।

# शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, दो बाइकें की बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की गई दो बाइकें बरामद की गई हैं।

पुलिस ने बाबूपुर नगली मार्ग से रास्तम गांव निवासी शिवा और इंदिरा विहार कॉलोनी थाना गंगनहर रुड़की हरिद्वार निवासी विशु को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से अलग अलग स्थानों से चोरी की गई दो बाइकें बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में क्षेत्र में सक्रिय अन्य वाहन चोर गिरोह के बारे में भी अहम सुराग दिए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।



वहीं, पुलिस ने थाना नागल के ताजपुर गांव निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक डांकोवाली निवासी संदीप ने आरोपी के खिलाफ जान से मारने की नीयत से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



# शोभायात्रा निकाल डा. भीमराव आंबेडकर की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में डीजे, बैंडबाजों व आकर्षक झांकियों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

भीम चेतना चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में तल्हेड़ी चुंगी से आरंभ हुई यात्रा का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने किया। उन्होंने कहा कि डा. आंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारत को एक लोकतांत्रिक और समावेशी राष्ट्र बनाने के लिए एक शक्तिशाली संविधान तैयार किया। भीम आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव कमल सिंह






वालिया ने कहा कि बाबा साहब ने छुआछूत के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो का नारा दिया। यात्रा संस्थापक दीपक बौद्ध, कैलाश कुमार व सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एडवोकेट ने समाज के लोगों से बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई शिव विहार कालोनी पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में डा. भीमराव आंबेडकर व संत रविदास महाराज आदि की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस मौके पर राकेश आर्य, सचिन खुराना, डा. प्रदीप बावरा, प्रवेश, अजय गांधी, विपिन त्यागी, देवेंद्र कश्यप, सुरेश जाटव, सिद्धार्थ, नितिन बंसल, जयराम गौतम आदि शामिल रहे।

# बज्म-ए-यारां के बैनर तले शेरी नशिस्त का आयोजन

**देवबन्द।** बज्म-ए-यारां के बैनर तले शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। इसमें युवा शायर वली वकास ने सुनाया..आ बैठ पास दर्द के मारे से बात कर, हम हैं असीर-ए इश्क हमारे से बात कर। सुनाकर जमकर वाहवाही लूटी।

मोहल्ला खानकाह में हुई शेरी नशिस्त का शुरुआत जुहैर अहमद जुहैर की नात-ए-पाक से हुई। इसमें उस्ताद शायर शमीम किरतपुरी ने पढ़ा..घटते बढ़ते हुए दिन रात का एहसास नहीं, तेरी फुर्कत में किसी बात का एहसास नहीं। जुहैर अहमद ने सुनाया..हम से बेजार हो गई ताबीर, एक ही ख्वाब इस कद्र देखा। काशिफ अख्तर ने कुछ यूं कहा..बिखरी जुल्फों का हाल ऐसा है, जैसे ताजा गुलाब टूटा हो। उजैर अनवर ने पढ़ा..इक शौक-ए-ऐतबार का मारा हुआ है दिल, मैं खुद को भूल जाऊं तो कितना सुकुन हो। सैयद काशिफ ने अपने जज्बात कुछ यूं बयां किया..शाखे वाबस्तगी तो सूख गई, हिज्र के गुल की ताजगी न गई। वसीम शेहपर ने पढ़ा..दब गई है फसाद की ताकत, देख लो इत्तेहाद की ताकत सुनाकर खूब दाद बटोरी। अध्यक्षता शमीम किरतपुरी व संचालन उजैर अनवर ने किया। इस मौके पर अयाज कासमी, रिजवान कासमी, नबील मसूदी आदि शामिल रहे।

## हेड बॉय और हेड गर्ल पद के लिए चयनित विद्यार्थियों के इंटरव्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल मे इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अंतर्गत द्वितीय चरण का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस चरण में हेड बॉय और हेड गर्ल पद के लिए चयनित विद्यार्थियों के इंटरव्यू आयोजित किए गए। इस विशेष प्रक्रिया के लिए एक प्रतिष्ठित जजिंग पैनल का गठन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी, कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह तथा किड्स पैराडाइज की हेड मिनी फ्रांसिस शामिल रहीं। जजिंग पैनल ने सभी चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया, जिसमें उनके नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास, संचार क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता का मूल्यांकन किया गया।

# सीएम ने किया दिल्ली-देहरादून एलीवेटिड कोरिडोर का निरीक्षण

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनपद में आगमन के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का जाएजा लेने के लिए दिल्ली-देहरादून एलीवेटिड कोरिडोर, व्यू प्वाईंट एवं मां डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना तथा जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, चेयरमैन सिडको वाईपी सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र



सिसोदिया, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, जिलाधिकारी मनीष



बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, संबंधित अधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में मनाई गई आंबेडकर जयंती एवं बैसाखी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शैक्षणिक संस्थाओं में संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती और बैसाखी पर्व मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

सहारनपुर रोड स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में संरक्षक हरि सिंह सैनी समेत शिक्षकों ने बाबा साहब के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि की। प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने कहा कि डा. आंबेडकर मानते थे कि सामाजिक आजादी सत्ता की भागीदारी के माध्यम से आएगी। बाबा साहब का राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान है। बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। शिवकुमार सैनी, अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, देवेंद्र



कुमार, दीपिका धीमान, पूजा शर्मा, सलीम मलिक शामिल रहे। आरके पब्लिक स्कूल में चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा व प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने डा. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं, वैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया




गया। दून वैली पब्लिक स्कूल में छात्रा अनिका, त्याषा, जाह्नवी भसीन व कार्तिक ने भाषण, कविता और वैसाखी गीतों की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने डा. आंबेडकर के जीवन के प्रेरक प्रसंग बच्चों के साथ साझा किए। बच्चों को वैसाखी पर्व का महत्व भी बताया गया। अर्चना शर्मा, तनुज कपिल, हरदीप सिंह शामिल रहे।

# गुरुद्वारा गुरुनानक बाग में सजा दिव्य दीवान, संगत ने लिया गुरमत संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरुनानक बाग साहिब में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सालाना साधना दिवस पर भव्य दीवान सजा। जिसमें बड़ी संख्या में सिख संगत ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हेड ग्रंथी ज्ञानी सतनाम सिंह ने मधुर गुरबाणी पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर कर दिया। दीवान में अपने प्रवचन के दौरान ज्ञानी सतनाम सिंह ने गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि गुरु की शिक्षाएं मानव जीवन को सत्य, सेवा और सदाचार की राह दिखाती हैं। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि वे गुरु के बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, एकता और सेवा भाव को मजबूत करें।



कार्यक्रम में समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा संगत के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था कराई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ अर्जित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरवेंद्र सिंह दिगवा, उपप्रधान मंजीत सिंह गौड़, जगमोहन सिंह, हरपाल सिंह, पीतांबर सिंह, गुरनीत सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह रहे।

## धरना 2 मई को

**नांगल सोती।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लंबित समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शिक्षक दो मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद, आरबीएस इंटर कॉलेज नांगल, राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर, कासमिया इंटर कॉलेज नजीबाबाद, नजीबुद्दौला इंटर कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक विनेश त्यागी, शाखा अध्यक्ष हरवीर सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर लंबित समस्याओं को लेकर दो मई को धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# दिनौड़ा में कई जगह आगजनी से सनसनी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रात के अंधेरे में अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम दिनौड़ा में एक स्ट्राबेरी फार्म, एक ट्रैक्टर और कारों में आग लगा दी। आग लगने की सूचना से ग्रामीणों के होश उड़ गए। आग लगने की सूचना पुलिस को दे गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम दिनौड़ा में बीती रात किसी ने आगजनी की तीन अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देकर गांव में दहशत फैला दी। गांव के अब्दुल हक के घेर में छोटा ट्रैक्टर खड़ा था। रात में किसी समय ट्रैक्टर में आग लगा दी गई। जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जल गया। दूसरी घटना में अनीस अंसारी का गांव से लगभग 600 मीटर की दूरी पर स्ट्रॉबेरी फार्म है। रात में फॉर्म में आग लगा दी गई। फार्म में रखा हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। तीसरी घटना में घर के बाहर खड़ी एहसान अहमद की दो कारों में भी आग लगा दी, जिससे कारों के टायर और प्लास्टिक का सामान जल गया। आज सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और पुलिस का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर का कहना है कि आगजनी की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस भेजी गई है, मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**सूचना**

मेरा नाम पास्पोर्ट में गलती से MOHAMMAD SAHANAWAZ S/O MOHAMMAD TAHSIN लिखा गया है। जबकि मेरा नाम MOHOMMAD SHAHNAWAZ S/O MOHD TAHSEEN है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। MOHOMMAD SHAH-NAWAZ S/O MOHD TAH-SEEN निवासी मौहल्ला बडजियाउलहक देवबन्द

**सूचना**

I Have Changed My Name From KALO To IRSHAD. I Would Like To Be Known By This Name In The Future.
Irshad S/o Majid
R/o Gopali, Deoband
(Saharanpur) India

# लखनऊ के लिए बसपाई ट्रेन से रवाना

## वरिष्ठ नेता फिरोज आफताब व नरेश गौतम के नेतृत्व में हुई रवानगी, सरफराज राईन भी होंगे शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिये हजारों की संख्या में बसपाई लखनऊ के लिये रवाना हुए।

कल (आज) बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर बसपा द्वारा लखनऊ के डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने के लिये बसपा मुख्य मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, वरिष्ठ नेता फिरोज आफताब के नेतृत्व में हजारों की संख्या में बसपाई लखनऊ के लिये रवाना हुए। नरेश गौतम ने कहा कि लखनऊ में आयोजित होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। लखनऊ जाने वालों में जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु, पूर्व जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, सुहैल प्रधान, सरवर प्रधान मण्डल संयोजक रजनीश उजाला, आसिफ अली, सुशील जयसवाल, अजब सिंह, यशवीर धोबी, सुमित कर्णवाल,







सुन्दरलाल डासना, डा. बिन्दरपाल, गय्यूर हसन, जहीर कुरैशी, उसमान कुरैशी समेत सैंकडोंबसपाई शामिल रहे।

बसपा के मंडल कोर्डिनेटर हाजी सरफराज राईन नजीबाबाद से लखनऊ के लिये ट्रेन द्वारा रवाना हुए। वह नजीबाबाद में अपनी भांजी की शादी में शामिल होने गये थे। जहां से वह शादी के बीच से ही बहनजी के आहवान पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिये लखनऊ के लिये रवाना हुए।

# बाबा साहेब ने दिए समान अधिकार: रूही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में सबको समान अधिकार दिये है।

रूही अंजुम आज जनमंच में आयोजित विचार गोष्ठी व रक्तदान शिविर को सम्बोधित कर रही थी। उन्होने कहा कि बाबा साहब के बताये मार्ग व आदर्शो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पार्षद व सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक टिंकू अरोडा ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि उन्होने पूरी दुनिया में इस देश को सबसे बेहतरीन संविधान दिया है। हमें उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज व देशहित में काम करना है। उन्होने रूही अंजुम के साथ सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।





# पेंथर्स व एवेंजर्स ने मैच जीते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गली मोहल्ला कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए।

पहले मैच में बिजनेश लीजेंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 243 रन बनाए। विपुल ने 49 और जीवनजोत ने 46 रन बनाए, जबकि तनु शर्मा ने 3 विकेट लिए। जवाब में सहारनपुर पैंथर्स ने 17 ओवर में 244 रन बनाकर मुक. ाबला जीत लिया। विवेक राठौर ने 54 गेंदों पर 149 रन की पारी खेली, जबकि कार्तिक शर्मा ने 54 रन बनाए। आमिर ने 2 और विभु ने 1 विकेट लिया। विवेक राठौर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया



गया। दूसरे मैच में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रन बनाए। अंकुर ने 52 और संतोष कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। एवेंजर्स की ओर से नवीन ने 4 और वीरेंद्र ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सहारनपुर एवेंजर्स ने 12 ओवर में 2 विकेट पर 150 रन बनाकर मैच जीत लिया। सचिन वर्मा ने 59 और पीयूष राणा ने 54 रन बनाए। आकाश और आशीष को 1-1 विकेट मिला। सचिन वर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। मैच के दौरान बाबा इंदरप्रीत, राकेश रस्तोगी, शुभम, बलविंदर, मनोज, दीपक चौधरी, वरुण शर्मा, मंसूर, जावेद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। यूपीसीए चौलेंजर कमेटी के सदस्य साजिद उमर, सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन से लतीफ उर रहमान, डॉ. संजीव विरमानी, डॉ. उत्कर्ष और डॉ. ऋषि पुण्डीर भी उपस्थित रहे।

# संवाद कर महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम बताया।

उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे उनकी भागीदारी और नेतृत्व में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है और यह पहल विकसित भारत के



निर्माण को मजबूत करेगी।

कार्यक्रम में महानगर प्रभारी वाई पी सिंह चेयरमैन सिडको के साथ प्रदेश मंत्री नूतन शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री राम गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वर्षा चोपड़ा, अनुसूचित मोर्चे की क्षेत्रीय मंत्री मोनिका गंगायन, नगर उपाध्यक्ष कंचन धवन, नगर उपाध्यक्ष नीलू राणा, नगर मंत्री सोनम कश्यप, नगर मंत्री आरती शर्मा, भूतेश्वर महिला मोर्चा मंत्री आशा अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, आशा सब्बरवाल पुष्पा मालिक, नीमा, अनीता मल्होत्रा व समस्त पदाधिकारी आदि मौजूद रही।

## टावर के सैल चोरी

**चिलकाना।** थाना क्षेत्र के गांव हारडाखेडी में लगे इण्डस कम्पनी के टावर से अज्ञात चोरों द्वारा सैल चोरी कर लिए गए है, संचार व्यवस्था ठप्प होने के चलते उपभोक्ताओ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिलकाना क्षेत्र के गांव हारडाखेडी में लगे इण्डस कम्पनी के टावर के सेल्टर रूम से अज्ञात चोरों ने 42 सैल उमर राजा 600 चोरी कर लिये।

## मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** रघुनाथपुर छोटी पठेड़ निवासी पीड़ित ने दो युवकों पर उसके साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित रोहित कुमार पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम रघुनाथपुर उर्फ छोटी पठेड ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि विगत 10 अप्रैल को वह एक स्कूल से बच्चो को लेकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह पठेड बाजार में पुहँचा तभी बाईक सवार वंश पुत्र रमेश तथा कमल पीछे से आये और पीड़ित को गाली देने लगे। पीड़ित ने गाली देने की वजह पूछी तो उपरोक्त आरोपी दोनो भाईयों ने पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# मेयर व विधायक दोनो भ्रष्ट: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि मेयर व विधायक दोनों ही भ्रष्ट है।

मनीष त्यागी ने यह बात हाउस अरेस्ट किये जाने पर कही। उन्होंने कहा कि ये हमारी कैसी आजादी है एक लोकतान्त्रिक एवं स्वतंत्र देश का नागरिक बिना किसी अपराध के उसे पुरे दिन उसी के घर मे कैद किया हुआ है। कारण बताया जाता है कि मुख्यमंत्री आ रहे है हमें डर है कही आप मुख्यमंत्री से ना मिल लें। कोई मुझे बताये क्या में इस देश का नागरिक नहीं हूँ क्या में आतंकवादी हूँ आखिर मेरे मिलने



से किसे डर लग रहा है। मैं अगर शहर में हो रहे भ्रष्टाचार नगर निगम में हो रही लूट महापौर और नगर विधायक की मिली भगत से इस देश की जनता के टेक्स का पैसा ढकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की कई सडके पिछले 3 सालो में 3 बार तोड़कर बनाई जा चुकी है हकीकत नगर की सड़क पर व्यापार करने वाले दुकानदारो का रोजगार ठप हो चूका है उसका जिम्मेदार शहर विधायक और महापौर है क्योंकि दोनों में इस बात की लड़ाई है की कसका ज्यादा कमीशन मिले प्राइवेट स्कूलों की लूट के बारे में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना चाहता था क्या ये सब बाते माननीय मुख्यमंत्री जी को नहीं पता चलनी चाहिए क्या ये आम आदमी के मुद्दे नहीं है लेकिन शहर विधायक और महापौर नहीं चाहते की उनकी लूट का भाड़ा फूटे इसलिए मुझे पुरे दिन घर में कैद किया गया है।

# पुल पास कराने पर विधायक का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मस्कराव नदी पर पुल पास कराने को लेकर क्षेत्र के लोगों ने नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया है।

नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी के प्रयास से मस्कराव नदी पर 25.49 करोड़ की राशि से पुल निर्माण होगा। बता दें कि नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लोगो की वर्षो पुरानी मांग को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ ने स्वीकृति दे दी है। जल्दी ही 25.49 करोड़ की लागत से गांव नथमलपुर तथा फिरोजाबाद के बीच मस्कराव नदी पर सेतु का निर्माण होगा। इस



पुल के निर्माण से जहां यातायात सुगम होगा वहीं किसानो व व्यापारियों को भी पुल का लाभ मिलेगा।

पुल निर्माण स्वीकृति को लेकर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चिलकाना रामनाथ धीमान एवं क्षेत्रवासियों ने नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी का आभार व्यक्त कर उन्हें विकास पुरुष बताया। धीमान ने कहा कि इससे पहले भी विधायक मुकेश चौधरी के प्रयास के चलते हरियाणा को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाले पुल निर्माण का निर्माण कार्य सम्पन्न होने को है।

# बंजर भूमि पर जबरन निर्माण कार्य



**नकुड़।** जनपद सहारनपुर के एक गांव में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा प्रस्तावित भूमि के बजाए अन्य नं. की बंजर भूमि पर सरकार द्वारा आवंटित दुकान का निर्माण कार्य जबरन कराया जा रहा है।

यहां क्षेत्र के सहारनपुर रोड़ स्थित भूरीबांस गांव के ग्रामीणों सुंदर लाल, मनोज, याकूब, भूरा, इल्यास, मेहरबान, दिलशाद, इरशाद, आशु, सेठपाल, जाहिद, आबिद, इमरान, भूरा, आशिक ने ग्राम प्रधान पति प्रदीप कुमार व सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव की खसरा नं 123 बंजर भूमि पर अन्नपूर्णा दुकान का प्रस्ताव पारित करने की बाबत बताया गया था। जबकि ग्राम प्रधान व सचिव की दबंगई के चलते कुरड़ी के लिए पूर्व से ग्रामीणों को आवंटित खसरा नं.180 की भूमि में अन्नपूर्णा दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है की प्रधान द्वारा जिस भूमि पर प्रस्ताव पारित किया गया था उसी जमीन पर दुकान बनाई जानी चाहिए। साथ ही ग्रामीणों को भी इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। ग्रामीण सुरेंद्र कुमार के अनुसार उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर जिलाधिकारी से लेकर 1076, एसडीएम, तहसीलदार, व तहसील दिवस तक पर शिकायत दर्ज कराई गई है। जबकि उनकी शिकायतों के आधार पर गांव में लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया दिया था। आरोप है कि उसके बावजूद भी प्रधान द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए जनहित में प्रकरण का संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की है।

## छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ा

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने सोमवार को नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भोगपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया है आरोपी की पहचान विक्की उर्फ विकास पुत्र राकेश, निवासी ग्राम मुसैल, थाना फतेहपुर के रूप में हुई है पुलिस के अनुसार, आरोपी पर 12 अप्रैल को वादी की करीब आठ वर्षीय पुत्री के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप है।

इस मामले में थाना हाजा में मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक बबलू कुमार और हेड कांस्टेबल ललित कुमार की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

# समीक्षा अधिकारी बनकर लौटे विशेष का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपीपीएससी में 37 वीं रैंक हासिल कर समीक्षा अधिकारी बने ग्राम भायला निवासी विशेष प्रजापति का आज नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया।

टेलीफोन एक्सचेंज स्थित ऋषिपाल प्रजापति के आवास पर विशेष प्रजापति का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विशेष का सम्मान करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी ब्रजेश प्रजापति ने कहा विशेष ने साबित कर दिया कि प्रजापति समाज का युवा किसी से कम नहीं है। मेहनत और लगन हो तो गांव की मिट्टी से निकलकर भी अधिकारी बना जा



सकता है। ये उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को दिशा देगी।

विशेष प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने दिन-रात एक कर पढ़ाई की। उन्होंने कहा कि ये सफलता मेरी अकेले की नहीं है। मेरे माता-पिता का त्याग, शिक्षकों का मार्गदर्शन और पूरे समाज का आशीर्वाद मेरे साथ था। मैं प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जनता की सेवा करूंगा। मेरा लक्ष्य है कि मैं अपने पद से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाऊं। गांव से निकलकर प्रशासनिक सेवा तक पहुं. चने वाले विशेष अब समाज के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं।

सम्मान समारोह में प्रदीप प्रजापति, डॉ नरेंद्र प्रजापति, नवीन प्रजापति, नीरज प्रजापति, सुशील प्रजापति, चरण सिंह प्रजापति समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# शुद्ध पेयजल पहुंचाना हमारा संकल्प: डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी में आज 15 हॉर्स पावर के पम्प लगाने के कार्य का वेद मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरुक किया। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुमार सैनी एवं मोहल्ला समिति द्वारा नगर निगम व आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के सहयोग से आयोजित किया गया था।

वर्धमान कॉलोनी पहुंचने पर पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी व क्षेत्र के लोगों ने महापौर डॉ. अजय कुमार तथा उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद नीरज शर्मा व पूर्व



नगराध्यक्ष भाजपा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि महानगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना और पेयजल की निर्बाध आपूर्ति कराना निगम का उद्देश्य और संकल्प है। इसके लिए नगर निगम द्वारा लगातार वार्डो में आवश्यकतानुसार नये पम्प लगवाये जा रहे है। उसी श्रृंखला में वार्ड 6 में भी आज नये पम्प के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। महापौर ने कहा कि इस पम्प के शुरु हो जाने से वर्धमान कॉलोनी, अजीज कॉलोनी व अहमद कॉलोनी सहित आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति मिलेगी।

महापौर ने आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के वालंटियर्स के साथ क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के लिए भी जागरुक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमें बीमारियों से बचाती है बल्कि हमारा जीवन स्तर भी ऊंचा उठाती है। क्षेत्र के लोगों ने इस पहल के लिए नगर निगम, आईटीसी मिशन सुनहरा कल तथा पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा मोहल्ला समिति के सदस्य भी शामिल रहे।

## नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी

**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व उपनिरीक्षक शौकीन खान के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी आरोपी कुलदीप उर्फ विक्की पुत्र रामकिशन निवासी गढ़ी मलूक थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरोपी वांद संख्या-568/20 मु0अ0सं0 17/18 धारा-8 एनडीपीएस एक्ट 15 चालानी में वांछित था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# स्वच्छता अभियान में बच्चे बने भागीदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल अपने स्वच्छता जागरुक अभियान में बच्चों को भी साझीदार बना रहा है और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित कर रहा है कि वे घर जाकर अपने माता-पिता को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए घर को साफ सुथरा रखे।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में शहर में स्वच्छता के लिए चलाये जा रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत आज नगर निगम द्वारा उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के सहयोग से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनोहरपुर में बच्चों को घरों से निकलने वाले कूड़े के सम्बंध में जागरुक किया गया और उसका सही प्रबंधन न किये जाने



तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति भी बच्चों को जागरुक किया गया। बच्चों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वे अपने माता पिता को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करें।

इसके अलावा नगर निगम, उमंग सुनहरा कल सेवा समिति एवं युवा मोहल्ला समिति द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्रीय लोगों के साथ स्वच्छता और साफ सफाई को लेकर जन जागरूकता बैठक की गयी।

# 'देवी अहिल्याबाई होल्कर त्याग और प्रेरणा की प्रतीक'






## सवा करोड़ की लागत से हुआ जीर्णोद्धार सीएम ने की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को सहे. जने वाली अहिल्याबाई होल्कर स्मारक और सौन्दर्यकरण का अनावरण कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास से ही देश की विरासत और प्रेरणा का प्रतीक बरकरार है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर स्मारक के अनावरण कर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है नगरपालिका ने करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से इस स्मारक को नया रूप दिया गया है, जो अब क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान है। उन्होने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का भारतीय संस्कृति और अस्था स्थलों वाले स्मारकों को जीणोद्धार में योगदान अतुलनीय है। उन्होने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह स्मारक का निर्माण नहीं केवल एक संरचना नहीं, बल्कि समाज की आस्था और सम्मान का प्रतीक भी है। यहां मौजूद जनसमुह ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। समारोह में केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने भी उनके प्रयासों की सराहना की और पटेलनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर राजनैतिक चर्चा की। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने विकल्प जैन सहित अन्य सभासदों के साथ उनका स्वागत करते हुए उन्हे लोकमाता का भव्य दिव्य मंदिर भेट किया।

### किसानों और श्रमिकों के लिए दिया संदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले की गन्ना किसानों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के किसान गुड भी बहुत अच्छा बनाते है। उन्होने कहा कि श्रमिकों के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई है अब उन्हे डरने की जरूरत नहीं है केवल औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सावधान रहने की जरूरत है।

## रालोद विधायक को नहीं मिली 'एंट्री' गेट से ही लौटाए गए गुलाम मोहम्मद

### फजीहत के बाद डीएम खुद मंच तक लेकर पहुंचे

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्या कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सुरक्षा में कोई चुप छोड़ना नहीं चाहता था, यही कारण रहा कि मेरठ की सिवाल खास विधानसभा सीट से विधायक गुलाम मोहम्मद जैसे ही नुमाइश ग्राउंड पहुंचे तो उन्हें मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया।सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि कार्यक्रम की अधिकृत सूची में उनका नाम शामिल नहीं है, केन्द्रीय सरकार में भागीदार राष्ट्रीय लोक दल के विधायक की फजीहत की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो जिलाधिकारी उमेश मिश्रा खुद विधायक को लेकर अंदर आए और मंच तक पहुंचाया।

## योगी के कार्यक्रम में 'काले कपड़े पहनकर आए युवाओं को रोका

### सुरक्षा के चलते काले कपड़े और बैग पर रही पाबंदी

**मुज़फ्फ़रनगर।** वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे, सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम में 'काले कपड़ों' को पहनकर आए युवाओं पर सख्ती दिखाई गई और ऐसे लोगों को एंट्री नहीं दी गई। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने साफ तौर पर काली पेंट, शर्ट, टी-शर्ट या किसी भी तरह के काले परिधान और यहां तक कि काले बैग लेकर आने वालों को भी गेट पर ही रोक दिया। निराश बच्चों ने अपने बैग पास में स्थित कंपनी बाग की दीवार पर टांग दिए, ताकि उन्हें अंदर जाने की अनुमति मिल सके, काफी जद्दोजहद के बाद भी वहीं कुछ लोग निराश होकर वापस लौटते नजर आए, वहीं एक युवक ने अंदर जाने के लिए अपनी काली शर्ट उतारकर फेंक दी, लेकिन अंदर पहनी काली बनियान की वजह से उसे फिर भी एंट्री नहीं मिल सकी। ऐसे में किसी भी संदिग्ध लोगों पर पुलिस की खास नजर रही। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के चलते सैकड़ो युवा पंडाल के अंदर एंट्री नहीं कर सके।

### अब्दुल हमीद स्मारक चौक को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मुज़फ्फ़रनगर।** अहिल्याबाई चौक का अनावरण करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नगर पालिका सभासद मौहम्मद खालिद, मौहम्मद शहजाद, नौशाद खान, अनिता, रजिया, शिवम, शबनूर ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि परमवीर चक्र विजयता वीर अब्दुल हमीद के नाम पर सुजडू चौक का नाम सर्वसम्मति से बदलने के लिए नगर पालिका में प्रस्ताव पास हुआ था। उन्होने कहा कि इसलिए आपसे अनुरोध है कि शहीदों का सम्मान करते हुए अब्दुल स्मारक चौक का निर्माण कराने का आदेश दिया जाए।

## भीड़ देखकर गद्गद् हुए मुख्यमंत्री, कपिल देव के जमीनी जुड़ाव की सराहाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नुमाइश ग्राउंड में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां उमडे जन सैलाब को देखकर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार में मंत्री एवं शहर विधायक कपिल देव अग्रवाल का अपने क्षेत्र के लोगों से जुडाव और इतना लगाव है कि वह लखनऊ में कम और मुजफ्फरनगर में ज्यादा रहते है ऐसे ही नेता की आज देश को जरूरत है जो जमीनी स्तर पर रहकर जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों के सुख दुख में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में बार-बार मंत्री कपिल देव अग्रवाल का नाम लेते हुए उनकी सराहाना करते हुए कहा कि वह जनपद के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहते है। और शहर का विकास कराकर जनपद को स्मार्ट सिटी का रूप देने के लिए भी वह बार-बार मांग करते रहे है। उन्होने उनके काम के प्रयासों की सराहाना करते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द प्रस्ताव बनवाकर सरकार को भेजे ताकि जल्द ही नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा दिया जा सके। उन्होने यहां उमडी भीड़ को देखकर कहा कि यह सब क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कपिल देव से जुडाव का ही परिणाम है। जिसके चलते इतनी तेज गर्मी में भी जितनी भीड पंडाल में है उससे अधिक बाहर भी है। सैकण्डों लोगों को आज जो



रोजगार मिला है वह भी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की बदौलत ही है उनके प्रयासों से ही इतने बडे स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ और युवाओं खासकर बेटियों को रोजगार मिला।

## फजीहतः संजीव बालियान को नहीं मिली तवज्जो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में तवज्जो नहीं मिली वह अलग-अलग दिखाई दिए देवी अहिल्याबाई चौक पर वह काफी देर तक खड़े रहे लेकिन मुख्यमंत्री से उनका आमना सामना ही नहीं हुआ यही हाल नुमाइश मैदान में रैली के दौरान दिखाई दिया जहां मंच पर उन्हें ने तो सम्मानजनक स्थान मिला और न हीं उन्हें बोलने के लिए आमंत्रित किया। अलबत्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में हुए कार्यक्रम का नाम लिए बिना उन लोगों के प्रति खासी नाराजगी जताई जो जातिवाद की राजनीति कर गलत राह पर चले हुए है उन्होंने बिना नाम लिए ही इशारों ही इशारों में उन लोगों को भी आडे हाथ लिया लिया जो चौधरी चरण सिंह की सादगी उनके व्यक्तित्व और किसान हित में उनके किए गए कार्यों को नजरअंदाज कर एक अलग ही दृष्टिकोण समाज में रखकर नकारात्मक राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोई भागीदारी ने मिलने के प्रश्न पर जब पत्रकारों ने संजीव बालियान से जानना चाहा तो उन्होंने कहा की नुमाइश मैदान का कार्यक्रम पूरी तरह से सरकारी था और उसकी जिम्मेदारी दो मंत्रियों के पास थी फिर भी वह सरवट चौक पर कार्यक्रम में शामिल हुए और उसके बाद जनसभा में भी गए।

राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल व भाजपा नेता गौरव स्वरूप और मीनाक्षी स्वरूप द्वारा लगाए गए होर्डिंग पर उन्हें स्थान न मिलने के प्रश्न पर बालियान ने कहा कि उन्होंने 10 साल तक केंद्र में मंत्री रहते हुए सब की भलाई के लिए कार्य किया अब कौन क्या कर रहा है यह आप उनसे पूछिए गौरतलब है कि गौरव स्वरूप को भाजपा स्थापित करने में बालियान का ही हाथ रहा है, लेकिन आज वही उनसे किनारा किए हुए हैं रूठे हुए गले से बालियान ने कहा कि मैं अब होर्डिंग की राजनीति से ऊपर उठ गया हूं 10 साल तक मेरे बहुत होर्डिंग लगे और लगाए गए अब मुझे इससे कोई फर्क भी नहीं पड़ता। उन्होंने दावा किया कि 2027 में भारी बहुमत से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी लेकिन कुल मिलाकर बालियान समर्थकों को लगने लगा है कि बालियान के राजनीति धीरे-धीरे हाशिए चली गई है



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नहीं थम रहीं धमकियां

अभी शांति वार्ता को जोकि रविवार को इस्लामाबाद में समाप्त हुई, एक दिन भी नहीं गुजरा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बंदरगाहों के नाकेबंदी की बात कर डाली। जिसके चलते ईरान का निर्यात विशेष रूप से तेल बाहर नहीं जा सकेगा। जाहिर है अमेरिका अपने इस फैसले से ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहता है। ट्रम्प तो यह भी कह रहे हैं कि उनके इस फैसले में उनके सहयोगी भी साथ हैं। हालांकि फ्रांस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया ने ट्रम्प के इस बयान के बाद साफ कर दिया कि वह ट्रम्प की इस योजना का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं और ईरान की नाकेबंदी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यूं भी नाटो देशों ने ईरान के साथ संघर्ष में अब तक दूरी बनाई हुई है और ब्रिटेन और फ्रांस के नेता तो बराबर ईरान के नेताओं के टच में भी हैं। जाहिर है ट्रम्प की इस नई पहल से खाड़ी में फिर से तनाव बढ़ गया है और जो ट्रम्प की तरफ से ही दो हफ्ते का सीजफायर हुआ था, वह भी खतरे में पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि ट्रम्प व नेतन्याहू को दुनिया की कोई चिंता नहीं रह गई है। इस युद्ध से लोगों को हो रहे नुकसान से उनका कोई लेना-देना नहीं है। भले ही वह बयान कुछ भी देते रहे हों और लोगों की चिंता की बात करते रहें। होना तो यह चाहिए था कि इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होने के बाद फिर से नए सिरे से बातचीत की को. शिश होनी चाहिए थी। अभी कोई बहुत ज्यादा समय नहीं गुजरा है। पहले से ही काफी नुकसान हो चुका है और बहुत नुकसान को बचाया जा सकता है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब संघर्षरत लोगों को सद्बुद्धि आएगी, जोकि दुर्भाग्य से आती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान ने भी साफ कर दिया है कि यदि अमेरिका की तरफ से कोई भड़काऊ कार्रवाई होती है तो वह चुप नहीं रहेगा और जवाबी कार्रवाई में देर नहीं लगाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर कालिबफ ने अमेरिका को चेताया है कि वह ईरान की नाकेबंदी करने का प्रयास न करें। सवाल तो यह भी है कि जहां अमेरिका यह दावा कर रहा है कि होर्मुज को बंद करने से दुनिया को काफी नुकसान हो रहा है और ईरान को ऐसा नहीं करना चाहिए, तो अब सवाल उठता है कि खुद अमे. रिका इस संबंध में क्या कर रहा है। वह भी नाकेबंदी करके दुनिया को संकट में डाल रहा है। ईरान और अमेरिका दोनों को ही समझना होगा, भले ही संघर्ष उनके बीच हो, लेकिन इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर सीधे पड़ रहा है। इस समय यह भी देखना बेहद डरावना लग रहा है कि जहां 40 दिन के युद्ध के बाद दोनों पक्षों के रुख में कुछ नर्मी आनी चाहिए थी, वहीं और उग्रता दिखाई दे रही है और अब तो रूस और चीन की एंट्री भी इसमें होती दिखाई दे रही है, क्योंकि ट्रम्प ने चीन को सीधे चेतावनी दे डाली है कि अगर वह ईरान को हथियार देता है, तो उस पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा और अन्य विकल्पों पर भी विचार करने की बात वह कर रहे हैं। चीन ने यह कहकर पलटवार किया है कि होर्मुज तो पहले से ही खुला हुआ था, अमेरिका ने बिना वजह हमला करके इसे बंद कराया है। अभी भी समय है कि परिस्थितियों को और बिगड़ने से बचाया जाए।

## अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही



मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिस. ीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लो. कतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है, विपक्ष से समर्थन, तो मांगा जा रहा है, लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजरअंदाज किया गया है, 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है, हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिस. ीमन जरूरी है। **-सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज



भारत की महिलाएं सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेई ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14।4 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से मेहमान बनकर ही रह गईं।

हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। संरक्षणात्मक भेदभाव के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही है 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएं हैं। जिन जगहों पर महिलाएं शासन करती हैं, वहां पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियां स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया**

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्एक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायारू ष्यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्एक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधि. नियम होना अपने आप में एक घोषणा थीरू अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैंकृए वही क्षेत्र हैं, जहां भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

**गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा**

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनी. तिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था। पीएम उज्ज्वला योजना के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। श्मुद्राश योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनरू प्रत्एक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुजारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं।

**आर. विमला, आईएएस**

**( लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं )**

> **आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**
>
> भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 तक एक विकसित भारत का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुंच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहां सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा है भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएं न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है।

# आंबेडकर को मात्र प्रतीक मत बनाइए

**दरअसल यह दलितों को उठाने की नहीं बल्कि गिराने की एक कुटिल चाल है। जो दलित सत्ता के पिछलग्गू बन राजने. ताओं की इस चाल का हिस्सा बन जाते हैं उनका स्वाभिमान अभिमान में बदल जाता है और दूसरे दलितों के प्रति उनका व्यवहार भी शोषणकारी हो जाता है। जबकि आम दलित का स्वाभिमान अपने पुराने स्तर से भी नीचे गिर जाता है। इन नारों एवं अभियानों मे एक आम दलित के हाथ कुछ नहीं लगता। आंबेडकर ने दलितों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू में मात्र दस वर्षों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी।**



रोहित कौशिक

इस दौर में सभी राजनीतिक दल आंबेडकर पर अपना अधिकार जताने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि सभी राजनीतिक दल महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात् न करके उन्हें मात्र प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल कर वोट बैंक की राजनीति करने लगते हैं। विडम्बना यह है कि इस दौर में जिस तरह से प्रतीकों की राजनीति हो रही है, उसने महापुरुषों को मात्र मूर्तियों तक ही सीमित कर दिया है। इस नए माहौल में न ही तो राजनीतिक दलों को महापुरुषों के आदर्शों की चिंता है और न ही इन दलों के पीछे चलने वाली भीड़ में महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की हिम्मत है। विडम्बना तो यह है कि जिस दलित वर्ग के उत्थान के लिए आंबेडकर ने अपना सारा जीवन लगा दिया, वह दलित वर्ग भी केवल आंबेडकर की पूजा तक ही सीमित रह गया। न तो दलित नेताओं ने आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर दलितों में वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की कोशिश की और न ही स्वयं दलित वर्ग आंबेडकर की मूल चेतना को पकड़ पाया। यही कारण है कि वह धर्म की रूढ़ियों मे फंसकर रह गया। दरअसल डॉ. आंबेडकर ने इस सत्य को बहुत पहले ही समझ लिया था कि जब तक दलित वर्ग अपनी शक्ति को पहचान कर सत्ता का भागीदार नहीं बनेगा, उसकी उपेक्षा होती रहेगी। यही कारण था कि उन्होंने दलितों के आरक्षण की वकालत की। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस दौर में सत्ता का भागीदार बने दलित नेताओं को वास्तव में आंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों की चिंता है? आज हर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि आज भी आम दलित को शोषण का शिकार बनाया जा रहा है। यह विड्म्बना ही है कि आज राजनी. तिक दल आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल अपने उत्थान के लिए कर रहे हैं, न कि दलितोत्थान के लिए। सवाल यह है कि आजादी के बाद राजनेताओं ने आंबेडकर-आंबेडकर चिल्लाने और आंबेडकर के नाम पर विभिन्न परियोजनाओं का नामकरण करने के अलावा किया ही क्या है? क्या आजादी के बाद हमारे राजनेता आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर पाएं हैं? क्या केवल आंबेडकर के नाम पर पार्क बना देने, उनकी मूर्तियां स्थापित कर देने और उनके विचारों को विचार-गोष्ठियों में दोहरा देने मात्र से ही हम इस दौर में आंबेडकर को प्रासंगिक बना सकते हैं? शायद नहीं। बड़ी-बड़ी रैलियां आयोजित कर पानी की तरह पैसा बहा देना आंबेडकर का सपना नहीं था। करोड़ों रुपए का हार पहनकर भव्य पंडाल में दलितों और अपने अनुयायियों लिए महाभोज आयोजित करना भी बाबा साहब की प्राथमिकताओं में नहीं था। क्या ऐसे आयोजनों से वास्तव में दलितों का स्वाभिमान जाग सकता है? शायद स्वादिष्ट भोज का आनंद लेते हुए कुछ समय के लिए उनका स्वाभिमान जाग जाए लेकिन गांव में बैठे हुए उस दलित के स्वाभिमान का क्या होगा जिसे एक जून की रोटी भी नसीब नहीं है। हमारे राजनेता कुछ हजार या लाख लोगों को भव्य भोज देने की अपेक्षा गांव के आखिरी आदमी को दो जून की रोटी देने के बारे में कब सोचेंगे ? आंबेडकर ने दलितों के जिस स्वाभिमान की बात की थी वह वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित नहीं था। इस दौर में सबसे दुखद यही है कि वोट बैंक की राजनीति के तहत दलितों के स्वाभिमान को जगाने की बात हो रही है।

आज के राजनेता जब दलितों के साथ खाना खाते हैं और दलितों के घर में ही रात गुजारते हैं तो दलितों का स्वाभिमान जागने लगता है। लेकिन जैसे ही राजनेता अपने महलों में वापस लौटते हैं, दलितों की जिंदगी पुराने ढर्रे पर लौटने लगती है। अनेक आश्वासनों के बाद जब दोबारा दलितों को पुरानी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है तो उन्हें स्वयं महसूस होने लगता है कि यह वोट बैंक का छलावा है। राजनेताओं द्वारा दलितों का स्वाभिमान जगाने की इस खोखली प्रक्रिया से दलित अपना पुराना स्वाभिमान भी खो देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल



विनीत नारायण

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेतृत्व में बालेन शाह बलेंद्र शाह ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदस्ईय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट जेन-जी आंदोलन के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट और सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे जनरेशनल शिफ्ट करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है, क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक पूर्वांचल विश्वविद्यालय और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेट धारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं। वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे टीच फॉर नेपाल के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है।

शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं।

महिला, बाल-बालिका एवं ज्एष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूर्वाधार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एमटेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं।

गौरतलब है कि यह योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन श्हामी नेपालश और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी जैसे सीता बादी समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य है, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनी. तिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं तीन पीएचडी, लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है।

नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी (डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस) पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही 100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा लागू कर चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव से नेपाली प्रवासियों की सुरक्षा, 'कार्की आयोग' रिपोर्ट पर कार्रवाई और संविधान संशोधन पर चर्चा पत्र तैयार करने जैसे कदम उठाए गए। शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने पार्टी-आधारित छात्र संगठनों को समाप्त करने और स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता ने निजी अस्पतालों में 10 प्रतिशत मुफ्त बेड सुनिश्चित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आर्थिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान दे रहे हैं। श्रम और स्वास्थ्य मंत्रियों की स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञता गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन में मदद करेगी। विदेश मंत्री शिशिर खनाल की पॉलिसी विशेषज्ञता नेपाल की कूटनीति को मजबूत करेगी।युवा बेरोजगारी घटाने, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, स्वास्थ्य पहुंच बढ़ाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयास पहले ही दिख रहे हैं। दैनिक प्रगति निगरानी प्रणाली लागू कर सरकार जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। हालांकि, चुनौतियां यहां भी हैं, जैसे कि पहाड़ी इलाकों में पहुंच, संसाधन सीमाएं और पुरानी पार्टियों का विरोध। फिर भी, यह कैबिनेट जनता की उम्मीदें पूरी करने की राह पर है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो नेपाल का यह 'जेन-जी' कैबिनेट न सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए मिसाल है, बल्कि विकासशील देशों को सिखाता है कि योग्यता और युवा ऊर्जा राजनीति को बदल सकती है। यदि यह टीम अपने100 सूत्री एजेंडा को ईमानदारी से लागू कर पाई, तो नेपाल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और सुशासन का नया मॉडल बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन होर्मुज की नाकाबंदी में शामिल नहीं होगा

## ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने कहा: ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी कार्रवाई को समर्थन नहीं देंगे

**लंदन/अंकारा/कैनबरा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी नौसैनिक नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन को ईरान के साथ युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए पूरी तरह खुला रखना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं और लोगों के लिए बिजली-गैस के बिल बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें नहीं फंसेंगे। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी कहा कि उन्हें अमेरिका से नाकेबंदी में शामिल होने का कोई अनुरोध नहीं मिला है और वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के सम्मान के पक्ष में हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा है कि अमेरिका ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है और यह घोषणा एकतरफा तरीके से की गई है। उन्होंने कहा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खुला रहना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अल्बानीज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया वैश्विक ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय तनाव के समाधान के लिए वार्ता फिर से शुरू होनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने घोषणा की है कि वह ईरानी बंद. रगाहों में आने-जाने वाले समुद्री यातायात की नाकेबंदी शुरू करेगा। अल्बानीज़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो। हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं।

हम चाहते हैं कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी के लिए खुला रहे। हम यह भी चाहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता बनी रहे।ऽ ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री 14 से 17 अप्रैल के बीच ब्रुनेई और मलेशिया की यात्रा करेंगे, जहां ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर चर्चा होगी। यह यात्रा ऊर्जा, उर्वरक और अन्य ज़रूरी सामानों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग करने के ऑस्ट्रेलिया के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। अल्बानीज़ ब्रुनेई में सुल्तान हाजी हसनल बोल्कियाह से मिलकर ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और ज़रूरी चीज़ों के व्यापार पर चर्चा करेंगे। ब्रुनेई ऑस्ट्रेलिया के डीज़ल आयात का नौ प्रतिशत और फर्टिलाइज़र-ग्रेड यूरिया का 11 प्रतिशत हिस्सा देता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ब्रुनेई को खाद्य और कृषि उत्पादों का एक अहम सप्लायर बना हुआ है। वह मलेशिया में ईंधन की आपूर्ति और अन्य ज़रूरी सामानों पर चर्चा करने के लिए दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाक़ात करेंगे। मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया के लिए रिफाइंड ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है और उर्वरक-ग्रेड यूरिया के आयात का 10 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है। विदेश मंत्री, सीनेटर पेनी वोंग, इन यात्राओं के दौरान अल्बानीज़ के साथ रहेंगी। इस बीच, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ ने नाकेबंदी की चेतावनी को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिकी जल्द ही मौजूदा ईंधन कीमतों को याद करेंगे।



■ अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए अनुरोध नहीं किया: आस्ट्रेलिया
■ हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं: अल्बानीज

### रणनीतिक जल क्षेत्र या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ, तो क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने अमेरिकी नाकेबंदी को 'समुद्री डकैती' करार देते हुए कहा कि ए रणनीतिक जल क्षेत्र 'या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं।' इस बीच, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने उम्मीद जताई कि होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा निकट भविष्य में कूटनीतिक रास्तों से सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके विनियमन (रेगुलेशन) में कुछ बदलाव संभव हैं। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा युद्धविराम को 45 से 60 दिनों के लिए बढ़ाने का सुझाव भी दिया।

### जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाला

**टोक्यो।** समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान ने अभी तक होर्मुज स्ट्रेट में माइन-स्वीपिंग अभियान के लिए अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (मेरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, यानी जेएमएसडीएफ) को तैनात करने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालात पर नजर बनाए हुएं है और आगे का फैसला स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। किहारा ने मीडिया को बताया कि जापान दोनों पक्षों के बीच एक पूरी समझ की दिशा में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है।

# रूस ले जाएगा ईरान का यूरेनियम!

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच रूस ने भविष्य में होने वाली शांति वार्ता के लिए एक नया प्रस्ताव पेश किया है। क्रेमलिन ने सोमवार को जानकारी दी कि रूस अमेरिका के साथ किसी भी संभावित शांति समझौते के तहत ईरान का संवर्धित यूरेनियम (**enriched uranium**) अपने पास रखने के लिए तैयार है।

बता दें कि ईरान और अमे. रिका के बीच पिछले हफ्ते हुई बातचीत नाकाम रही। इससे युद्ध को तुरंत खत्म करने की उम्मीदें टूट गई हैं। फरवरी के आखिर में शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था भी संकट में है। रूस के पास दुनिया में परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार है। उसने शांति समझौते के लिए कई बार ईरान का यूरेनियम अपने यहां रखने की पेशकश की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यह प्रस्ताव अमे. रिका और क्षेत्र के अन्य देशों के सामने रखा था। उन्होंने साफ किया कि यह प्रस्ताव आज भी लागू है, लेकिन अब तक किसी ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया है। इसी बातचीत के दौरान क्रेमलिन ने डोनाल्ड ट्रम्प की उस धमकी की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी करने की बात कही थी। यह जलमार्ग व्यापार के लिए बहुत जरूरी है। फरवरी के आखिर में अमेरिका और इजरायल ने जब से ईरान पर हमले शुरू किए हैं, तब से यह रास्ता पूरी तरह ठप पड़ा है।



■ होर्मुज तनाव के बीच पुतिन का बड़ा दांव शांतिवार्ता के लिए पेश की ये योजना

# ईरान को नई शर्तों व प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा



■ सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद वार्ता की विफलता के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'बदलती शर्तों और प्रतिबंधों' को हमारे सामने रखा गया।

अराघची ने सोमवार को 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि वार्ता के दौरान सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया। अराघची ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कोई सबक नहीं सीखा गया। सद्भावना से सद्भावना पैदा होती है और शत्रुता से शत्रुता। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि 47 वर्षों में उच्चतम स्तर की गंभीर वार्ता में, ईरान ने युद्ध को समाप्त करने के लिए नेक नीयत के साथ अमेरिका के साथ बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि लेकिन जब हम 'इस्लामाबाद सहमति पत्र' से केवल कुछ ही दूर थे, तो हमें बदलती शर्तों और प्रतिबंधों सामना करना पड़ा।

# ईरान में अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना: ट्रम्प ने पोप पर साधा निशाना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पोप लियो चौदहवें पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे धर्मगुरु की आवश्यकता नहीं है जो उनकी नीतियों का विरोध करते हों। पोप ने ईरान में अमेरिका के कदमों की आलोचना की है। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया। अप्रैल की शुरुआत में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान किया था, जिसके बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी नेता ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे लगता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला करना भयानक लगता हो।

# हिजबुल्लाह लेबनान-इजरायल के बीच वार्ता का विरोधी

## लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं: कीमती

**बेरुत।** हिजबुल्ला की राजनीतिक परिषद के उपाध्यक्ष महमूद कोमती ने कहा कि हिजबुल्लाह लेबनान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत का विरोध करता है और उसे इनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी 'स्पुतनिक' से कहा कि लेबनान में संघर्षविराम ईरान की वजह से हुआ है।

हमें लेबनान के संबंध में वार्ता से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद नहीं है। हम लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं और इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करते हैं। हिजबुल्लाह के नेतृत्व के अनुसार, ईरान के कड़े रुख ने ही अमेरिका और इजरायल को लेबनान में संघर्षविराम वार्ता के लिए सहमत होने पर मजबूर किया। इस बीच, अमेरिका और इजरायल की स्थिति को इस तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि वे इन वार्ताओं के सूत्रधार हों। कोमती ने बताया कि इस दिशा में दबाव इस तथ्य से उपजा है कि इजरायल न तो लेबनान और न ही लेबनानी देश को मान्यता देता है और अचानक आज, इजरायल लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। यह ईरान की बदौलत हुआ है, जो ईरान की इजरायल और अमेरिका पर जीत का परिणाम है। इसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी राज्य में अधिकार बहाल करने के लिए प्रेरित किया ताकि लेबनान में संघर्षविराम ईरानी प्रयासों का परिणाम न लगे। सऊदी प्रसारक 'अल हदथ' ने एक आधिकारिक लेबनानी स्रोत के हवाले से खबर दी है कि लेबनान-इजरायल वार्ता मंगलवार को होगी। अमेरिका ने लेबनान को गारंटी दी है कि बातचीत शुरू होने से पहले इजरायल बेरुत पर बमबारी नहीं करेगा। महमूद कोमती ने यह भी कहा कि लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है और देश को अराज. कता में धकेल सकता है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक को बताया कि इजरायल के खिलाफ लड़ाई में समूह का समर्थन करने वाली जनता के दबाव से सरकार भी बदल सकती है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं जो जनमत को व्यक्त करते हैं। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार अपनी नीतियों और अपने रुख के कारण खुद को एक गंभीर मुश्किल में धकेल देगी, जिससे उसका पतन हो जाएगा। जब कोमती से पूछा गया कि क्या जनता का आक्रोश लेबनान में सरकार बदलने के उद्देश्य से व्यापक विरोध प्रदर्शनों का रूप ले सकता है, तो उन्होंने उल्लेख किया कि 'सभी विकल्प संभव हैं।' प्रवक्ता के अनुसार, समस्या यह है कि सरकार हिजबुल्ला और प्रतिरोध का सम्मान नहीं कर रही है।



■ कहा: लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है

# हिज्बुल्लाह को मध्य पूर्व संघर्ष के समाधान में रूस की भूमिका की है उम्मीद

**बेरुत।** हिज्बुल्लाह के राजनी. तिक परिषद के उप प्रमुख महमूद कोमाती ने बताया कि हिज्बुल्लाह को उम्मीद है कि रूस, जिसके ईरान सहित मध्य पूर्वी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, इस क्षेत्र में संघर्ष के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोमाती ने कहा कि आज, रूस, ईरान के साथ अपने संबंधों और क्षेत्रीय स्तर पर कई अरब देशों और लेबनान के साथ अपने निष्ठापूर्ण संबंधों के कारण, एक भूमिका निभा सकता है और हम इसकी उम्मीद करते हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस की किसी भी भूमिका में बाधाएं और रुकावटें पैदा कर रहा है। इस बीच, आज अमेरिका और विशेष रूप से (राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रम्प, ईरान को प्रभावित करने और युद्धविराम हासिल करने के लिए रूस की ओर रुख कर रहे हैं।




मिर्जापुर। दिवंगत दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

# अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी के आरोप में 10 भारतीय नागरिक दोषी

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 250000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है। मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सजा पूरी होने के बाद सभी को देश से निकाला जा सकता है।

# सुरक्षा परिषद में रूस व चीन के प्रस्ताव पर जमीनी स्थिति के अनुसार चर्चा होगी: रूस

**मास्को।** पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए रूस और चीन की ओर से प्रस्तावित संकल्प पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में मतदान की तारीख वहां की जमीनी स्थिति के आधार पर तय की जाएगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले, रूस और चीन ने प्रस्ताव दिया था कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी एशिया की वर्तमान स्थिति पर एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पर विचार करे, जिसमें समुद्री सुरक्षा के पहलुओं को भी शामिल किया जाए। रूस के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पूतनिक से कहा कि बैठक में हमने अपने चीन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव की घोषणा की है। इस पर मतदान की तिथि जमीनी हालात को देखते हुए निर्धारित की जाएगी।

# रूस ने की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की आलोचना

## पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे वैश्विक बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित करती रहेगी और इसके आर्थिक परिणाम दीर्घकालिक हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। पेस्कोव ने बताया कि ईरान के यूरेनियम को अपने पास रखने के रूस के प्रस्ताव अब भी जारी हैं और मॉस्को इस दिशा में सहयोग के लिए तैयार है। इसके अलावा, मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि रूस, ईरान को अमेरिकी सेना की तैनाती से जुड़ी खुफिया जानकारी देने के साथ-साथ यूक्रेन में अपने संघर्ष से हासिल की गई ड्रोन से जुड़ी उन्नत रणनीतियां भी साझा कर रहा है। इन दावों की आधिकारिक तौर पर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ये दावे पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सामने आए हैं। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्षेत्रीय नेताओं से बात. चीत कर कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं पर जोर दिया है। राष्ट्रपति के सहयोगी निकोलाई पत्रुशेव ने नाटो पर 'सी शील्ड 2026' अभ्यास के जरिए काला सागर क्षेत्र में सैन्य ढांचे का विस्तार करने का आरोप लगाया है। पत्रुशेव ने कहा कि रूस का मुकाबला करने के उद्देश्य से किए जा रहे इन युद्धाभ्यासों के लिए रोमानिया को मुख्य आधार के तौर पर चुना गया है जो नाटो की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर रूस की बढ़ती चिंता का संकेत है। पुतिन ने मॉस्को में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत के दौरान, विश्वास व्यक्त किया कि हालिया उतार-चढ़ावों के बावजूद दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को स्थिर करने और उसका विस्तार करने में सक्षम होंगे। वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बैठक में पुतिन ने ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और फार्मा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही।




■ पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

# पाकिस्तान को 46500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर

## इससे यूएई का 29000 करोड़ कर्ज चुकाएगा, पैसे लौटाने के लिए सिर्फ 11 दिन बाकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डालर (लगभग 46500 करोड़ रुपये) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक यूएई को 3.5 अरब डालर (लगभग 29000 करोड़ रुपये) चुकाने हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है।

यूएई ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक यूएई का 3.5 अरब डालर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेडयूल के मुता. बिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है। इसके अलावा, अप्रैल में पाकिस्तान को कुल करीब 4.8 अरब डालर चुक. ाने हैं, जिसमें एक बड़ा बान्ड भी शामिल है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए 3 साल का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत उसे करीब 7 अरब डालर की मदद मिलेगी। इसके बदले आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के बड़े कर्जदाता सऊदी अरब, चीन और यूएई अपने कर्ज के पैसे 3 साल तक तक पाकिस्तान में ही रखेंगे, यानी वे पैसा वापस नहीं निकालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगे चलकर कतर, यूएई की जगह ले सकता है। यूएई ने हाल में कर्ज रोलआ. ेवर की नीति बदलकर शार्ट-टर्म एक्सटेंशन शुरू कर दिया है, जिससे पाकिस्तान पर जल्दी भुगतान का दबाव बढ़ा। इसके बाद पाकिस्तान ने यूएई का 3.5 अरब डालर यानी करीब 29,000 करोड़ रुपये का कर्ज 11, 17 और 23 अप्रैल को अलग-अलग किस्तों में लौटाने का फैसला लिया। ये फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा पहले ही दूसरे देशों की मदद पर टिका है। कर्ज पाकिस्तान को अलग-अलग समय पर मिला था। यूएई ने 2018 में 2 अरब डालर का लोन दिया था, जिसे बार-बार बढ़ाया गया। 2023 में 1 अरब डालर और दिया गया था, ताकि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें पूरी कर सके। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साझेदारी काफी समय से चल रही है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री औरंगजेब ने इस्लामाबाद में सऊदी के वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जादान से मुलाकात की थी।



■ पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है

# ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद हंगरी में चुनाव हारे आर्बन

**बुडापेस्ट।** विक्टर आर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्जा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले आर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे।

आर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है। इस बार के चुनाव में करीब 80 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा। शुरुआती नतीजों में तिस्जा पार्टी ने 199 में 138 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आर्बन की फिदेस पार्टी को सिर्फ 55 सीटें ही मिली हैं। तिस्जा को करीब 53 प्रतिशत और फिदेस को करीब 37 प्रतिशत वोट मिले। इन चुनाव नतीजों के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में देर रात तक जश्न चलता रहा। डेन्यूब नदी किनारे हजारों लोग जुटे। कारों के हार्न, झंडे और नारेबा. जी के बीच जश्न चलता रहा। कई जगह लोगों ने रूसियों घर जाओ जैसे नारे लगाए।

■ 16 साल बाद सत्ता से बाहर, पुराने साथी पीटर मग्यार भारी बहुमत से जीते

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108